वर्ष 23, अंक 196, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 11 अगस्त 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### आतंकवादियों की ओर से खोजी टीम पर फायरिंग की गई

# अनंतनाग में सुरक्षाबलों की आतंकियों से मुठभेड़, दो जवान बलिदान; तीन घायल

**जम्मू**

**जम्मू कश्मीर** के अनंतनाग में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच में मुठभेड़ शुरू हो गई है। शुरूआत जानकारी में पता चला है कि दो जवान मुठभेड़ में घायल हो गए हैं।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ के दौरान अब तक दो जवान बलिदान हो गए हैं जबकि तीन घायल हैं। जिन्हें इलाक के लिए अस्पताल ले जाया गया है। अनंतनाग के अहलान गगरमंडू इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी।

मिली जानकारी के मुताबिक, अहलान इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ तब शुरू हुई जब आतंकवादियों की ओर से खोजी टीम पर फायरिंग की गई। इसके जवाब में जवानों ने भी फायरिंग की।

इससे पहले बीती छह अगस्त को बसंतगढ़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच शाम चार बजे के करीब मुठभेड़ शुरू हुई थी। दोनों ओर से दो घंटे तक गोलीबारी हुई। मौसम खराब होने और धुंध के बीच सुरक्षाबलों ने देर शाम तक तलाशी अभियान चलाया। सेना ने जंगल में छिपे आतंकियों की घेराबंदी बढ़ा दी। अभी किसी भी आतंकी के मारे जाने की सूचना नहीं है।



अनंतनाग से तीन आतंकी मददगार गिरफ्तार

इससे एक दिन पहले ही अनंतनाग में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकवादी मददगारों को गिरफ्तार किया था। इनसे हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी हुई है। पकड़े गए आतंकी मददगारों की पहचान दाऊद अहमद डार, इम्तियाज अहमद रेशी और शाहिद अहमद डार के तौर पर हुई है। तीनों हसनपोरा तवेला के निवासी हैं।

बरामद हुए हथियार

पुलिस अधिकारी ने बताया कि हसनपोरा तुलखान रोड पर संयुक्त नाके पर जांच के दौरान आतंकी मददगारों को हिरासत में लिया गया।

इस दौरान सुरक्षाबलों ने उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। इसमें एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन, 8 पिस्टल राउंड, एक ग्रेनेड और एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के अलावा आपत्तिजनक सामग्री शामिल है।

## पत्नी या परिवार को... ड्यूटी पर शहीद होने वाले जवान की पेंशन किसे मिलेगी? सरकार बना रही योजना

**नई दिल्ली: रक्षा** मंत्रालय ने शुक्रवार को संसद को बताया कि वह सेना में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए जवानों की फैमिली पेंशन को पत्नी और माता-पिता के बीच बांटने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में कहा कि पत्नी और माता-पिता के बीच फैमिली पेंशन बांटने का प्रस्ताव मिला है, जिस पर विचार किया जा रहा है।

अभी प्रावधान क्या है?

कांग्रेस सदस्य इमरान मसूद के सवाल का जवाब देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि शहीद सैनिकों के माता-पिता ने आर्थिक मदद के लिए कानून में संशोधन की मांग की है। पता चला है कि सेना ने भी इस मुद्दे पर रक्षा मंत्रालय को एक प्रस्ताव भेजा है। फिलहाल, सामान्य फैमिली पेंशन केवल उस सैनिक, वायु सैनिक या नाविक की पत्नी को दी जाती है जो सेवा के दौरान शहीद हो जाता है। केवल अविवाहित जवानों के मामले में ही यह उनके माता-पिता को दिया जाता है।

किन मामलों के बाद सरकर उठा रही कदम

वहीं, ग्रेच्युटी, बीमा, प्रॉविडेंट फंड और एक्स ग्रेशिया की रकम शहीद जवान के नॉमिनेशन या वसीयत के हिसाब से दी जाती है। वह अपनी इच्छा के अनुसार इसे अपनी पत्नी, माता-पिता, बच्चों या अन्य लोगों में बांट सकता है।

## झूठे आरोप लगाकर मेरी छवि खराब करने की कोशिश- सीएम

**मैसूर। कर्नाटक** के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने भाजपा और जेडीएस पर मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूमि आवंटन घोटाले के संबंध में झूठे आरोप लगाकर उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने शनिवार को कहा, "कांग्रेस ने विपक्ष की पदयात्रा के खिलाफ जन आंदोलन सम्मेलनों का आयोजन किया। हमने लोगों से कहा है कि वे झूठ बोल रहे हैं, वे झूठे आरोपों के साथ पदयात्रा कर रहे हैं। वे सिद्धारमैया की छवि पर



काला धब्बा लगाने की कोशिश कर रहे हैं। वे चुनी हुई सरकार को हटाने की कोशिश कर रहे हैं।"

उन्होंने आगे कहा, "वे मेरे नाम को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

## आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट करे केंद्र सरकार : मायावती

**लखनऊ। बहुजन** समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने केंद्र सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आरक्षण में क्रीमीलेयर लागू करने और उपवर्गीकरण को लेकर दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ संसद में कानून लाकर अपनी स्थिति स्पष्ट करे। बसपा सुप्रीमो मायावती शनिवार को पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े इस बेहद महत्वपूर्ण मामले पर मजबूती से पैरवी नहीं की।

## क्या खालिदा जिया के बेटे से मिले थे राहुल



**नई दिल्लीः बीजेपी** के राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने लंदन में खालिदा जिया के बेटे के साथ राहुल गांधी की मुलाकात की खबरों को गंभीर बताते हुए मांग की है कि कांग्रेस को तुरंत यह बताना चाहिए कि क्या यह मुलाकात हुई थी और अगर हुई थी तो उसका एजेंडा क्या था ? तुहिन सिन्हा ने कहा कि बांग्लादेश के एक वरिष्ठ पत्रकार ने हमारे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर बड़ा आरोप लगाया है कि पिछले महीने लंदन में राहुल गांधी और खालिदा जिया के बेटे की मुलाकात हुई थी जिसमें राहुल गांधी ने बांग्लादेश में चल रहे आंदोलन को ग्रीन सिग्नल दिया था यानी हरी झंडी दिखाई थी। तुहिन सिन्हा ने आगे कहा कि गुरुवार, 8 अगस्त को राहुल गांधी एक प्रतिनिधिमंडल से मिले थे, जिसमें अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज शामिल थे और यही ज्यां द्रेज अगले ही दिन 9 अगस्त को फिलिस्तीन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किए गए। यहां उनके साथ बांग्लादेश में सिविल वॉर की हमेशा से वकालत करने वाले नदीम खान भी मौजूद थे। तो क्या जब बांग्लादेश में हिंदुओं की जान खतरे में थी, उस समय 8 अगस्त को राहुल गांधी दिल्ली में अपने घर पर इन लोगों को अगले दिन के प्रोटेस्ट के बारे में गाइड कर रहे थे।

उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की चुप्पी पर भी सवाल उठाया।

भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने राहुल गांधी के एक पुराने बयान का जिक्र करते हुए कहा कि इस वर्ष 31 मार्च को राहुल गांधी ने कहा था कि यदि भाजपा सत्ता में आई तो देश में आग लग जाएगी।

## जमानत मिलने के बाद भाषण देना ठीक नहीं है- केंद्रीय मंत्री

**पटना। आम** आदमी पार्टी नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कथित दिल्ली शराब घोटाले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के एक दिन बाद शनिवार को विभिन्न मुद्दों पर मीडिया से बात की। केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी ने उन पर हमला बोलते हुए कहा है कि वह अभी बरी नहीं हुए हैं और उन्हें राजनीतिक बयानबाजी से बचना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने यहां मीडिया से बात करते हुए कहा कि जमानत मिलने के बाद भाषण देना ठीक नहीं है। जमानत मिलने का मतलब यह नहीं है कि वह बरी हो गए हैं। इसलिए, जमानत मिलने के बाद भाषण देना या राजनीतिक बातें करना ठीक नहीं है। हमारा मानना है कि मनीष सिसोदिया कानूनी प्रक्रिया के तहत जेल गए थे और कानूनी प्रक्रिया के तहत ही जेल से बाहर आए हैं। अगर कोई और मुद्दा है तो वह फिर से जेल जा सकते हैं। यह न्यायिक मामला है और इस पर ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता।

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा एससी-एसटी के क्रीमी लेयर वर्गीकरण को मंजूरी देने से इनकार के बारे में मांझी ने कहा कि क्रीमी लेयर और कोटा के भीतर दो अलग-अलग चीजें हैं।

### संसद के मॉनसून सत्र में इस बार क्या-क्या हुआ

## 15 बैठकें, 115 घंटे तक चला सत्र...

**नई दिल्लीः 18 वीं** लोकसभा का दूसरा सत्र 9 अगस्त को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। संसद सत्र के स्थगित होने पर इस बार का पूरा डेटा भी सामने आया है। जिसके अनुसार 22 जुलाई से शुरू हुए इस सत्र में 15 बैठकें हुईं जो 115 घंटे तक चली। इसके साथ ही इस सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए, जिनमें वित्त विधेयक, 2024 और विनियोग विधेयक, 2024 शामिल हैं। इस सत्र के स्थगित होने से पहले पेश हुए विवादास्पद वक्फ बोर्ड



विधेयक ने इस सत्र को और भी अधिक महत्वपूर्ण बना दिया था। इस विधेयक का विपक्ष ने काफी विरोध किया। जिसके बाद इसे संयुक्त संसदीय समिति को भेज दिया गया।

115 घंटे तक चला सत्र

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने समापन भाषण में बताया कि 115 घंटे चले इस सत्र में सदन में 136% काम हुआ। लोकसभा ने अपने निर्धारित समय का 123% और राज्यसभा ने 110% काम किया। इस दौरान 12 सरकारी विधेयक पेश किए गए और चार पारित किए गए। इनमें जम्मू और कश्मीर विनियोग विधेयक और भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 भी शामिल हैं।

### केजरीवाल जेल में रहे तो 70 और बाहर रहे तो 65

## विधानसभा सीट पर 'आप' जीतेगी : डिप्टी मेयर

**नई दिल्ली। दिल्ली** के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के जेल से बाहर आने पर एमसीडी के डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल जेल के अंदर रहते हैं तो पार्टी को 70 में से 70 सीटों पर जीत हासिल होगी। अगर वो जेल से बाहर रहते हैं तो 70 में 65 सीटों पर जीत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया 17 महीने बाद जेल से बाहर आए हैं। उनके जेल से बाहर आने से दिल्ली में एक अलग खुशी का माहौल है। अगर कोई ऐसा समझता है कि



बीते 17 महीने दिल्ली के लिए बर्बाद हुए हैं तो ऐसा नहीं है। दिल्लीवासी विधानसभा चुनाव में इन 17 महीनों का बदला लेने जा रही है।

मोहम्मद इकबाल ने कहा कि विपक्षी साथियों को लगता है कि वो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी चुनाव तक जेल में रखेंगे। मैं समझता हूं कि उनके बाहर आने से आम आदमी पार्टी 70 में से 65 विधानसभा सीटों पर जीत रही है। अगर अरविंद केजरीवाल जेल के अंदर रहते हैं तो आप पार्टी को 70 में से 70 सीटों पर जीत हासिल होगी।

उन्होंने आगे कहा कि बड़े बुजुर्गों की दुआओं के साथ-साथ बच्चों का भी स्नेह अरविंद केजरीवाल के साथ है।

उन्होंने ऐसा क्या गुनाह किया था ? केजरीवाल ने दिल्ली के हजारों बच्चों को प्राइवेट स्कूल से बेहतर शिक्षा दी। वो एजुकेशन मॉडल ऐसा है कि मैं गारंटी के साथ कह सकता हूं कि दिल्ली के अलावा किसी और राज्य में नहीं होगा।

## दिल्ली-यूपी के लिए 'बारिशमय' रहेगा रविवार, हिमाचल प्रदेश में बढ़ा बाढ़ का खतरा

**नई दिल्लीः**

दिल्ली-ठउफ ही नहीं पहाड़ी इलाकों में भी इस बार वीकेंड की शुरूआत बारिश के साथ हुई। राजधानी के सुबह हल्की बारिश के बाद कई इलाकों में दोपहर होते-होते आसमान में काले बादल छा गए और फिर झमाझम बरसने लगे।

दिल्ली-यूपी समेत उत्तर भारत में हो रही बारिश से तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में



देशभर के अधिकांश हिस्सों में गरज के साथ बारिश हो सकती है। क्टऊने हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के पूर्वी हिस्से, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

# बांग्लादेश में खालिदा जिया की वापसी क्यों है भारत के लिए टेंशन वाली बात?

### दोस्त शेख हसीना की कोई नहीं ले सकता जगह

**ढाकाः बांग्लादेश** में तख्तापलट के बाद पूर्व पीएम शेख हसीना भारत भाग कर आ गई हैं। हिंसक प्रदर्शन के कारण उन्हें देश छोड़ना पड़ा। वहीं उनकी कट्टर विरोधी पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी एक बार फिर बांग्लादेश की सत्ता में आने वाली है। शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद जिया को कई वर्षों की नजरबंदी से रिहा कर दिया गया है। देश की अंतरिम सरकार चुनाव कराएगी, जिसमें उनकी जीत की संभावना है। लेकिन खालिदा जिया की सत्ता में वापसी भारत के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। क्योंकि उनकी पार्टी और सहयोगी जामात ए इस्लामी का झुकाव पाकिस्तान की तरफ है।

शेख हसीना के नेतृत्व में भारत और बांग्लादेश के संबंधों में सुधार हुआ। लगातार हसीना 15 साल तक सत्ता में रहीं। इस दौरान उन्होंने भारत में यूपीए और एनडीए दोनों ही सरकारों के साथ बेहतर संबंध रखे। हसीना का जाना भारत के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि इसकी उम्मीद नहीं थी। बीएनपी सत्ता में आने से पहले ही शेख हसीना को शरण देने पर नाखुशी जाहिर कर चुकी है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक बीएनपी के एक नेता ने कहा, 'हमारी पार्टी का मानना है कि बांग्लादेश और भारत को आपसी सहयोग करना चाहिए। अगर आप हमारे दुश्मन की मदद करते हैं तो उस आपसी सहयोग का सम्मान मुश्किल हो जाता है।'

राजनीति में कैसे आईं खालिदा जिया?

खालिदा जिया और शेख हसीना की 'राजनीतिक दुश्मनी' को बेहमों की लड़ाई कहा जाता है। दशकों से बांग्लादेश के राजनीतिक परिदृष्य को इसने आकार दिया है। शेख हसीना के पिता और बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की 1975 में हत्या हुई। हसीना के परिवार के कई सदस्य भी इसमें मारे गए थे। खालिदा जिया के पति जियाउर रहमान उस समय सेना प्रमुख थे और तीन महीने बाद उन्होंने सरकार पर अपना कंट्रोल कर लिया। उन्होंने बांग्लादेश में आर्थिक सुधारों की



शुरूआत की। लेकिन 1981 में एक सैन्य तख्तापलट में खुद उनकी हत्या कर दी गई। शुरू में खालिदा को राजनीतिक रूप से एक अनुभवहीन गृहणी के रूप में खारिज कर दिया गया। बाद में वह बीएनपी की नेता बनीं और बांग्लादेश के तत्कालीन राष्ट्रपति हुसैन मुहम्मद इरशाद की तानाशाही का विरोध किया। 1990 में इरशाद को सत्ता से हटाने के लिए उन्होंने शेख हसीना के साथ मिलकर काम किया। इसके बाद जिया और हसीना बारी-बारी सत्ता में आती रहीं। जिया 1991-96 तक और फिर 2001-06 तक पीएम रहीं।

2008 में सत्ता में आने वालीं हसीना ने बीएनपी सदस्यों पर कार्रवाई की और भ्रष्टाचार के आरोपों का मुकदमा चलाया। उन्हें इस शर्त पर नजरबंद कर दिया गया कि न तो वह राजनीति में हिस्सा लेंगी और न ही विगेश में इलाज कराएंगी। जिया के पहले कार्यकाल को बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था को उदार बनाने का श्रेय दिया जाता है। हालांकि उनका दूसरा कार्यकाल उनके प्रशासन और बेटों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों और कई आतंकी हमलों के कारण खराब हुआ। इनमें से एक में हसीना की लगभग मौत हो गई थी।

भारत को क्या रहा है खतरा

खालिदा जिया के कार्यकाल के दौरान भारत विरोधी ताकतें बांग्लादेश में मजबूत हुईं। आतंकियों को बांग्लादेश के इस्तेमाल की खुली छूट दे दी गई। 2001 से 2006 के बीच जिया की सत्ता के दौरान पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी क्क्रक ने ढाका में मजबूती से अपनी उपस्थिति बढ़ाई। भारत में कई आतंकी हमलों में अहम भूमिका निभाई। पूर्वोत्तर राज्यों के उग्रवादियों का ठिकाना भी बीएनपी शासन के दौरान आईएसआई के संरक्षण में बांग्लादेश में बना।

# दोस्त के संग नहाने गया बालक गंगा नदी में डूबा



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के फतेहपुर घाट दोस्त संग नहाने गया बालक गंगा नदी में डूब गया। डूब रहे दो बालकों में एक को स्थानीय मछुआरों ने बचा लिया जबकि दूसरे को बचाने में असफल रहे। डूबने की खबर मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंच गई और एसडीआरएफ टीम को बुलाकर डूबे हुए बालक के तलाश में जुट गई। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मादपुर गांव के रहने वाले दो बालक अयान पुत्र शमशाद अहमद उम्र 15 वर्ष और शमद पुत्र मुश्तकीम उम्र 13 वर्ष शनिवार को फतेहपुर घाट गंगा नदी में नहाने गए थे। नहाते समय दोनो मित्र गहरे पानी में चले जाने से डूबने लगे। स्थानीय मछुआरों ने आयान को बचा लिए जबकि शमद को भी बचाने की कोशिश की गई लेकिन स्थानीय मछुआरे शमद को बचाने में असफल रहे। डूबे हुए बालक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और उनका रो - रोकर बुरा हाल है। खबर लिखे जाने तक बालक को ढूंढने में जलपुलिस नाकाम रही है।

## युवक ने यमुना में लगाई छलांग, पांच घंटे तक चला सर्च ऑपरेशन

**प्रयागराज।** अतरसुइया के रहने वाले एक युवक ने यमुना नए पुल से छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही जल पुलिस और राज्य आपदा प्रतिक्रिया दल (एसडीआरएफ) ने करीब पांच घंटे तक सर्च ऑपरेशन चलाकर युवक की तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका।बृहस्पतिवार रात करीब आठ बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक नए यमुना पुल से छलांग लगा दी है। सूचना पर पहुंची कीडगंज थाना पुलिस, जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने सर्च अभियान चलाया। घंटों चले ऑपरेशन के बावजूद पुलिस को युवक के बारे में कुछ पता नहीं चल सका। इसी दौरान टीम को यमुना पुल पर एक अज्ञात बाइक मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने जांच में पाया कि बाइक अतरसुइया के रहने वाले 24 वर्षीय सागर सिंह की है। पुल पर मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि मोबाइल फोन पर बात करने के बाद युवक ने नदी में छलांग लगा थी। इसके बाद पुलिस परिजनों का बयान दर्ज किया, परिजनों ने कहा उनके इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि बेटे ने यमुना में छलांग क्यों लगाई है। शुक्रवार सुबह एक बार फिर पुलिस टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिली।

## उफनाई यमुना में युवती ने लगाई छलांग गोताखोर खोजबीन में जुटे

**प्रयागराज।** अतरसुइया थाना क्षेत्र के दरियाबाद घाट पर शनिवार को एक युवती ने उफनाई यमुना में छलांग लगा दी। देखते ही देखते वह तेज धारा में समा गई। घाट पर मौजूद लोगों के शोरगुल मचाने के बाद भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से खोजबीन में जुट गई। काफी देर तक खोजबीन के बाद युवती का पता नहीं चला। दो दिन पहले भी इसी मुहल्ले के एक युवक सागर सिंह (24) ने भी नए यमुना पुल से छलांग लगाई थी, जिसका अभी तक पता नहीं चला है। पुलिस दोनों घटनाओं को जोड़कर छानबीन कर रही है।दरियाबाद मोहल्ले की रहने वाली एक युवती शीबा (18) ने नदी में छलांग लगा दी। कुछ देर पहले वह घर से काफी तेजी के साथ निकली। घाट पर पहुंचकर उसने उफनाई यमुना में छलांग लगा दी। यह देख घाट पर मौजूद लोगों ने शोरगुल मचाना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद पुलिस पहुंच गई और गोताखोरों की मदद से खोजबीन कराने में जुट गई। काफी देर बाद भी युवती का पता नहीं चला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यमुना नदी में इस समय बाढ़ की स्थिति है। कूदने के बाद युवती तेज धारा में बह गई। पुलिस जांच में सुबह घर से निकलने के दौरान शीबा का फुटेज सामने आया है।

# बीबीसी इं. कॉलेज में एलबेन्डाजोल की गोली खिलाकर कार्यक्रम किया गया शुभारम्भ

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस



**प्रयागराज।** शुक्रवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति उद्घाटन दिवस के अवसर पर प्रातः 11:30 बजे बी बी सी इंटर कॉलेज शिवकुटी जनपद प्रयागराज में डा0 अरुण कुमार तिवारी प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज द्वारा विद्यालय में उपस्थित छात्र/छात्राओं को एलबेन्डाजोल की गोली खिलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। विद्यालय में कुल 3500 पंजीकृत छात्र/छात्राओं में से उपस्थित विद्यार्थीओ जिनको एलबेन्डाजोल की गोली का सेवन कराया गया। कार्यक्रम नोडल अधिकारी/अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 वीरेंद्र कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि यह गोली 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों के लिए यह गोली खिलायी जानी है। जो बच्चे किन्ही कारणो से आज नहीं आये हैं उनको यह गोली दिनांक 14 अगस्त 2024 को माप अप दिवस वाले दिन खिलायी जाएगी राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम सलाहकार मति मनु राय द्वारा बताया गया आस पास साफ सफाई, फल सब्जी धो कर उपयोग करने और खाना खाने से पहले और शौच के बाद अच्छी प्रकार से हाथ धोने, खुले मे शोच ना जाने, शरीर की साफ सफाई के बारे मे जानकारी दी.. अल्बन्दाजोल के फायदे बच्चों को बताये.. साथ ही साथ कृमि संक्रमण के लछड़ के बारे मे बताया.. साथ ही साथ छात्र छात्राओं को विस्कुट और टाफिया खिलाकर दवा खिलाई गई । उक्त कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य, श्रीमति रजनी शर्मा, विद्यालय प्रबंधक एवं विद्यालय की सहायक अध्यापिकायें उपस्थित थी।

# महाकुंभ में भीड़ नियंत्रण के लिए अधिकारियों ने किया मंथन, यातायात प्रबंधन के लिए तैयार किया रोडमैप

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला-2025 के सकुशल संपन्न कराने और भीड़ को नियंत्रित करने के साथ ही यातायात की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रयागराज मेला प्राधिकरण में शनिवार को बैठक हुई। इसमें तमाम आला अधिकारियों ने हिस्सा लिया। जिसमें सुरक्षा प्लान, यातायात प्लान, पुलिस प्रबंधन प्लान एवं लॉजिस्टिक आवश्यकताओं की मांग के संबंध में प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया।

जनवरी 2025 के कुंभ मेले में करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज के संगम में आकर दर्शन करेंगे। भीड़ संभालने के इंतजाम पुलिस और मेला अधिकारियों ने की है। भीड़ प्रबंधन के लिए कमिशनरेट की पुलिस बाहर से ट्रेनिंग भी ले रही है। कुंभ के कार्यों और भीड़ प्रबंधन के प्रारूपों को समझने के लिए आज मंडलायुक्त विजय विश्वस पंत, डीएम मेला विजय किरण आनंद प्रयागराज के कमिश्नर तरुण गाबा, डीसीपी सिटी दीपक भूकर डीसीपी गंगा नगर अभिषेक भारती ने दारागंज, अलोपी मंदिर, अक्षयवट और बांध सहित कई जगहों का दौरा किया और संगम में इंट्री पॉइंट और एग्जिट पॉइंट पर श्रद्धालुओ की भीड़ को सुगम आवागमन मिले इस पर विस्तृत चर्चा की।इस मौके पर परेड ग्राउंड में पार्किंग को लेकर डीसीपी सिटी दीपक भूकर ने कई सुझाव दिए जिस पर अफसरों ने सहमति जताते हुए इस को अमल में लाने को कहा। निरीक्षण के बाद सभी अफसरों ने एडीजी के कैम्प कार्यालय में मीटिंग की। जिसमें मैप के जरिए प्रमुख स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन ,से संगम तक आने व जाने के मार्ग की समीक्षा की गई और सारे इंतजामो को एक एक करके समझा गया। इस मौके पर सीपी तरुण गाबा ने कहा की श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के संगम में डुबकी लगा सकें। ये छोटे से लेकर बड़े अफसर तक सोचेंगे तभी हम सफल हो पाएंगे ।बैठक के बाद एसएसपी कुंभ मेला कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। समीक्षा बैठक एवं भ्रमण में अपर पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज भानु भास्कर, अपर पुलिस महानिदेशक यातायात एवं सड़क सुरक्षा, पुलिस आयुक्त तरुण गाबा, पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र प्रयागराज, अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे, मेलाधिकारी विजय किरन आनंद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेला, पुलिस उपायुक्त नगर / यमुनानगर / गंगानगर / यातायात व अन्य पुलिस और प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## स्कूली वैन ने बाईक सवार अधिवक्ता को मारी टक्कर गंभीर रुप घायल

**नैनी।** न्यायिक कार्य से कचहरी जा रहे बाईक सवार अधिवक्त को नैनी धनुहां मोड़ पर तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कूली वैन ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गया । चालक वैन लेकर भाग निकला स्थानीय लोगों ने वैन की पहचान कर नंबर लिख लिया। पुलिस ने घायल अधिवक्ता को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। हरीश विश्वकर्मा 35वर्ष पुत्र स्व. श्री भैरव प्रसाद विश्वकर्मा गांव चक शिवचेर लालापुर बारा तहसील से मुकदमे के कार्य हेतु शनिवार की दोपहर बाईक से कचहरी जा रहा था कि जैसे ही धनुहा मोड़ पर पहुंचा कि तेज रफ्तार स्कूली वैन अनियंत्रित होकर सामने से बाईक में टक्कर मार दी जिससे अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। एक पैर और एक हाथ कई जगह से टूट गया । सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इधर टक्कर मारने के बाद वैन चालक वैन लेकर भाग निकला लोगों ने पीछा किया तो वैन को स्कूल में खड़ा कर चालक भाग निकला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने वैन के खिलाफ नंबर सहित शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# चार दिन बाद बड़े हनुमान मंदिर से वापस हुई मां गंगा, मोटर लगावकर गर्भगृह से निकाला जा रहा पानी



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** संगम में गंगा और यमुना के जलस्तर में लगातार हो रही कमी के बाद श्री बड़े हनुमान मंदिर से मां गंगा की वापसी हो गई है। मंदिर परिसर से मां गंगा के वापस होने के बाद गर्भगृह में भरे पानी को मोटर लगाकर निकाला जा रहा है। शनिवार को साफ सफाई की जा रही थी। लगातार बढ़ रहे जलस्तर के बाद गंगा जी ने बुधवार को मंदिर में प्रवेश किया था। मंदिर के आसपास का क्षेत्र भी बाढ की चपेट में आ गया था। शनिवार को जलस्तर



कम होने के बाद गंगा जी की वापसी हो गई है। मंदिर के कर्मचारी परिसर की साफ सफाई में जुट गए हैं।

# स्वास्थ्य विभाग ने मनाया राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

अखंड भारत संदेश



**सोरांव।** शासन की मंशा के अनुसार शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनकेसर के पास स्थित बनकट गांव के परिषदीय विद्यालय में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के बैनर तले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक अनुपम द्विवेदी के निदेर्शानुसार 19 आयु वर्ष तक के बच्चों को अल्बेंडाजोल(पेट में कीड़े की दवा) को नियंत्रण के लिया सभी बच्चों को पिलाई गई। जिससे बच्चे स्वास्थ्य रहे और निरोग रहे। सबसे पहले क्षेत्र की एएनएम अंजुला श्रीवास्तव ने खुद दवा को खाकर बच्चों और युवाओं को दवाई खाने के लिए प्रेरित किए। जिसमे विद्यालय के प्रधान अध्यापिका मधुरानी, अध्यापक संदीप भटनागर, आशा मंजू सिंह, किरन सरोज, शिव कुमारी, आंगनवाड़ी कल्पना सिंह सहित दर्जनों लोग रहे। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव पर स्थित परामर्श दाता ओम सिंह ने भी मेवा लाल अयोध्या प्रसाद इंटर कॉलेज सहित आंगनवाड़ी केंद्रों पर भी जाकर बच्चो को कीड़े की दवा खिलाए।

... इस बाबत अधीक्षक अनुपम द्विवेदी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के रूप बना रही है। जिसमे 01 वर्ष से 19 आयु वर्ष के लोगों को अल्बेंडाजोल (पेट में कीड़े) मारने की दवा को निःशुल्क पिला रही है। जिसको लेकर सोरांव सीएचसी से संबद्ध कई केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग के लोगों ने दवा दिया है। जो भी बच्चे दवा से वंचित रह गए है। आगामी 14 अगस्त को दवा दी जाएगी।

# नैनी पुलिस ने दुराचार के अभियोग में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में एसीपी करछना के पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक वैभव सिंह के कुशल नेतृत्व में इन दिनों अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही एवं गिरफ्तारी की जा रही। इसीक्रम में अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक साजिद अली खां द्वारा पुलिस ने शनिवार को पूर्व में पंजीकृत मुकदमा में दुराचार के अभियोग का वांछित अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई। मिली जानकारी के अनुसार बीते मार्च महीने में पंजीकृत मुकदमे में वादिनी ने अभियुक्त प्रदीप कुमार सिंह पुत्र उमाशंकर सिंह निवासी सेमरी जिरौहा थाना खीरी के खिलाफ पीड़िता पर दबाव बनाकर वीडियो बनाना पीड़िता के पति के मोबाइल पर विडीयो वायरल करना, गाली गलौज करना व जान से मारने की धमकी देने के संबंध प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त प्रदीप को आईटीआई से छिवकी जाने वाली सड़क के किनारे से गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई। वही पुलिस की पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वीडियो बनाया था जिस वीडियो को मैंने वायरल किया था। मेरे पास से जो मोबाइल बरामद हुआ है उसीसे मैंने वीडियो बनाई थी।

### नैनी पुलिस ने दुराचार के अभियोग में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में एसीपी करछना के पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक वैभव सिंह के कुशल नेतृत्व में इन दिनों अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही एवं गिरफ्तारी की जा रही। इसीक्रम में अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक साजिद अली खां द्वारा पुलिस ने शनिवार को पूर्व में पंजीकृत मुकदमा में दुराचार के अभियोग का वांछित अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई। मिली जानकारी के अनुसार बीते मार्च महीने में पंजीकृत मुकदमे में वादिनी ने अभियुक्त प्रदीप कुमार सिंह पुत्र उमाशंकर सिंह निवासी सेमरी जिरौहा थाना खीरी के खिलाफ पीड़िता पर दबाव बनाकर वीडियो बनाना पीड़िता के पति के मोबाइल पर विडीयो वायरल करना, गाली गलौज करना व जान से मारने की धमकी देने के संबंध प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त प्रदीप को आईटीआई से छिवकी जाने वाली सड़क के किनारे से गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई। वही पुलिस की पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वीडियो बनाया था जिस वीडियो को मैंने वायरल किया था। मेरे पास से जो मोबाइल बरामद हुआ है उसीसे मैंने वीडियो बनाई थी।



## हाईकोर्ट समाचार

### दुर्घटना दावा के सेवानिवृत्त जज की निस्तारित 182 मुकदमों की पत्रावलियां होंगी सीज, कोर्ट का आदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुरादाबाद मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण में पीठासीन अधिकारी रहे शिवनंदन सिंह के खिलाफ कड़ी करवाई की है। सेवानिवृत्ति से एक माह पहले निस्तारित दुर्घटना दावा की 182 मुकदमों की पत्रावलियों को सीज करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित की अदालत ने आईसीआईसीआई इंश्योरेंस कंपनी की ओर से दाखिल अपील पर सुनवाई करते हुए दिया है।मामला मुरादाबाद न्यायालय से जुड़ा है। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के न्यायाधीश ने अपने सेवानिवृत्त होने से एक माह पहले ही सेंकड़ों फाइलों का निस्तारण कर दिया। बीमा कंपनी की याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने शिवनंदन सिंह की ओर से निस्तारित पत्रावलियां पर पारित आदेश पर रोक लगा दी है। साथ ही जनपद न्यायाधीश को आदेशित किया है कि सभी रिकॉर्ड सील कर दिए जाएं।मुरादाबाद मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के न्यायाधीश शिवानंद सिंह हाल ही में सेवानिवृत्त हुए हैं। इनके सेवानिवृत होने के बाद एक इंश्योरेंस कंपनी की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई। आरोप लगाया गया कि इन्होंने ने बिना तथ्यों को जांचे-परखे 45 लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना इंश्योरेंस कंपनी पर लगा दिया है। जबकि, पत्रावली पर तथ्य अलग है।हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए सात अगस्त को अपना आदेश जारी किया। इसमें कहा गया है कि इन्होंने सेवानिवृत्त होने से एक माह पहले तक जो आदेश 182 पत्रावलियों पर पारित किए गए हैं उन पर रोक लगाई जाती है। साथ ही जनपद न्यायाधीश को आदेशित किया गया है कि जल्द से जल्द सारी फाइलों और रिकॉर्ड को सील कर दिया जाए। कोर्ट ने इस आदेश की प्रति मुरादाबाद जिला न्यायालय के प्रशासनिक न्यायाधीश को भी प्रेषित की है।

### अध्यापकों के ट्रांसफर पर लगी रोक हाईकोर्ट ने हटाई

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिक्षकों के समायोजन और तबादले की कार्यवाही प्रक्रिया पूरी करने की दी छूट**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा लखनऊ व सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के हलफनामे में दी गई स्कीम के तहत परिषदीय स्कूलों में छात्र अध्यापक अनुपात में मानक में सरप्लस अध्यापकों के समायोजन व तबादले की कार्यवाही प्रक्रिया पूरी करने की छूट दी है। साथ ही स्थानांतरण पर लगी रोक समाप्त कर दी।यह आदेश न्यायमूर्ति एसडी सिंह तथा न्यायमूर्ति डोनादी रमेश की खंडपीठ ने नीरजा व 50 अन्य की याचिका पर दिया। याचिका की अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी।

### प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा , सचिव बेसिक ने हलफनामा दिया

कोर्ट के आदेश पर प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा व सचिव बेसिक शिक्षा बोर्ड ने व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर कोर्ट में समय बद्ध कार्य योजना पेश की। कहा 30 जून 24 तक पंजीकृत छात्र संख्या का डाटा स्टेट प्रोजेक्ट आफिस उ प्र के पोर्टल पर अपडेट किया गया है।एनआईसी की मदद से स्क्रूटनी पूरी हो चुकी है। 26 जून 24 के शासनादेश व कोर्ट के आदेश के अनुक्रम में अधिक व कम अध्यापक वाले विद्यालयों को चिन्हित गया है। तदनुसार समायोजन की कार्यवाही की जाएगी।अधिक शिक्षक या शिक्षिका की गणना 13 व 14 अगस्त को कर ली जायेगी और 16 व 17 अगस्त को सूची जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के लागिन में प्रदर्शित होगी। जिसमें अंतिम डाटा उपलब्ध होगा। याची अधिवक्ता ने समय मांगा। जिस पर याचिका को सुनवाई हेतु 14 अगस्त को पेश करने का निर्देश दिया है।

## गंगा के तटीय क्षेत्रों का एनडीआरएफ टीम ने किया निरीक्षण

**प्रयागराज।** एनडीआरएफ की टीम द्वारा गंगा के तटीय क्षेत्र जहा की जल जमाव व बाढ़ जैसी समस्या है। उन क्षेत्रों जैसे बक्शीबाध, वघाड़ा जलमग्न एरिया का निरीक्षण किया साथ ही साथ वहा के स्थानीय नागरिकों से जल स्तर का भी जायजा लिया। एनडी आरएफ की टीम बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों का मुआयना करती है जिससे की एरिया का पता चल सके , और स्थिति भयावह होने पे लोगो को सुरक्षित स्थान पे पहुंचाया जाए। साथ ही तटीय लोगो को अपने को स्थिति भयावह होने से पूर्व सुरक्षित स्थान पहले ही जाने को प्रेरित करती है।

# जेलों की अंधेरी दीवारों वालों का अमृत काल कहां

**प्रयागराज।** पूरा देश 15 अगस्त मनाने की तैयारी में जुटा है, इसी बीच इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जेलों में जिंदगी गुजारने वाले कमजोर वर्गों पर मार्मिक टिप्पणी कर चिंता जताई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जेलों की सलाखों मे गुमनाम जीवन जी रहे समाज के कमजोर वर्ग के लोगों की दयनीय दशा चिंताजनक है।हाईकोर्ट ने इस बात पर अफसोस जताया- राष्ट्र आजादी का अमृत काल मना रहा है। नागरिकों का एक वर्ग जेलों की अंधेरी दीवारों के पीछे गुमनाम जीवन जी रहा है, जहां संवैधानिक स्वतंत्रता की रोशनी नहीं पहुंचती।कोर्ट ने यह सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए कि कैदियों को समय पर कानूनी सहायता मिले और जमानत याचिकाओं में देरी न हो। अदालत ने कहा-स्वतंत्रता के मामले में प्रत्येक क्षण अनंत काल है और खोने के लिए कोई समय नहीं है।

**जस्टिस भनोट ने खास टिप्पणी की :** यह आदेश जस्टिस अजय भनोट ने रामू बनाम यूपी सरकार समेत दाखिल कई जमानत याचिकाओं की सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। इनमें से एक मामले में हत्या के आरोपी को 14 साल की

**हाईकोर्ट ने कहा-सलाखों में गुमनाम जीवन जी रहे कमजोर वर्ग के लोगों की दयनीय दशा चिंताजनक**

सजा के बाद जमानत दी गई थी।याची वर्ष 2008 से जेल में बंद था। इसके खिलाफ थाना-जहांगीराबाद, जिला बुलंदशहर में भादसं की धारा 394 एवं 302 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज है। कोर्ट ने याची की जमानत अर्जी मंजूर कर ली।

**कैदियों को समय पर कानूनी सहायता मिले :** न्यायालय ने यह सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए कि कैदियों को समय पर कानूनी सहायता मिले और जमानत याचिकाओं में देरी न हो। न्यायालय ने कहा कि स्वतंत्रता के मामले में, प्रत्येक क्षण अनंत काल है और खोने के लिए कोई समय नहीं है।अदालत के समक्ष आए अधिकांश मामलों में आरोपी समाज के कमजोर वर्ग से थे और उन्हें एक दशक से अधिक समय तक कानूनी सहायता नहीं मिल सकी, जिसके कारण जमानत आवेदन दायर करने में देरी हुई।पीठ ने कहा कि कानूनी सहायता के अभाव में इस वर्ग के कैदियों को स्वतंत्रता से वंचित किया जाना सही नहीं है। जिसे बार-बार न्यायालय के संज्ञान में लाया गया है।कोर्ट ने अन्य कैदियों के मामलों पर भी प्रकाश डाला जिनकी जमानत याचिकाएं ठंडे बस्ते में पड़ी हुई हैं, क्योंकि मामले पर बहस करने या शीघ्र सुनवाई के लिए दबाव बनाने का कोई प्रयास नहीं किया गया।

**कैदियों का वकीलों से कोई संपर्क नहीं :** बेंच ने कहा-इन कैदियों का अपने वकीलों से कोई संपर्क नहीं है और उन्हें अपनी जमानत याचिकाओं की स्थिति के बारे में भी जानकारी नहीं है। कैदियों के इस वर्ग के पास अपनी जमानत याचिकाओं पर सावधानीपूर्वक मुकदमा चलाने के लिए प्रभावी पैरोकार या निगरानी के साधन नहीं हैं।कोर्ट ने कहा- इन आवाजहीन कैदियों का भाग्य व्यवस्था पर एक मौन दोषारोपण है। इसके बाद न्यायालय ने यह सुनिश्चित करने के लिए कई निर्देश जारी किए कि कानूनी सहायता की आवश्यकता वाले लोगों को आवश्यकता पड़ने पर यथाशीघ्र कानूनी सहायता प्रदान की जाए।न्यायालय ने कानूनी सहायता के अधिकार और जमानत मांगने के अधिकार के बीच संबंध पर विचार किया। न्यायालय ने मजिस्ट्रेट, ट्रायल कोर्ट, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) और जेल अधिकारियों के कर्तव्यों पर भी चर्चा की है।न्यायालय ने कहा कि अदालतों का यह सर्वोच्च कर्तव्य है कि वे सुनिश्चित करें कि आपराधिक कार्यवाही में उपस्थित होने वाले कैदियों को कानूनी सहायता प्राप्त हो और वे मूकदर्शक न बने रहें।कानूनी सहायता से इनकार करने से निष्पक्ष, उचित और न्यायसंगत प्रक्रिया का उल्लंघन होता है। अनुचित कारावास और स्वतंत्रता में कटौती होती है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 जो समानता का आश्वासन देते हैं और नागरिक के जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा करते हैं, इन परिस्थितियों में लागू होते हैं। न्यायालय ने मजिस्ट्रेट/ट्रायल कोर्ट, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जेल अधिकारियों के कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया तथा आरोपी व्यक्तियों के अधिकारों के क्रियान्वयन के लिए उन्हें विशिष्ट दिशा-निर्देश भी जारी किए।

# प्रतापगढ़ संदेश

## समाधान दिवस में सुनीं गयी शिकायतें, अफसरों ने दिये निस्तारण के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस में लालगंज में पन्द्रह शिकायतों में निस्तारण शून्य रहा। समाधान दिवस में लोगों की शिकायतों की सुनवाई एसडीएम शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने किया। उन्होंनें जमीनी विवाद से जुडे मामलों में राजस्व एवं पुलिस टीम का गठन कर निस्तारण के निर्देश दिये। एसडीएम ने समाधान दिवस की लंबित शिकायतों की भी समीक्षा की। संचालन प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव ने किया। उदयपुर थाने में चार शिकायतों मे से तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। शिकायतों की सुनवाई एसओ राधेबाबू ने किया। लीलापुर थाने में समाधान दिवस में तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने लोगों की शिकायतों की सुनवाई की। यहां चैबीस शिकायतों में से निस्तारण शून्य रहा। संचालन प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह ने किया।

# नारी शक्ति केन्द्र के जरिए स्वावलम्बन से मजबूत होगा सशक्तीकरणः मोना

## प्रदेश में ध्वस्त हुई बिजली व्यवस्था को लेकर विधायक हुई हमलावर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि प्रदेश में बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। उन्होने कहा कि ग्रामीण अंचलों मे अघोषित विद्युत कटौती से सरकार का अठारह से बाइस घण्टे आपूर्ति का दावा खोखला साबित हो रहा है।

विधायक मोना ने कहा कि लो वोल्टेज तथा ट्रांसफार्मर के आये दिन जल जाने से किसान तथा व्यापारी व छात्र तथा मध्यम वर्ग परेशान हो उठा है। वही उन्होने कहा कि प्रदेश में खेती के लिए बीज की गुणवत्ता में भी कमी होने के कारण फसल उत्पादन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। शनिवार को यहां पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए विधायक आराधना मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस विधानसभा से लेकर सड़क तक जनसमस्याओं पर मुखर संघर्ष जारी रखेगी। वहीं उन्होनें मादामई तथा पूरे सेवकराय में डा. अलका नारी शक्ति केन्द्र में महिला स्वावलंबन से जुडे स्वरोजगार की प्रगति पर खुशी जतायी। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, भुवनेश्वर शुक्ल, राकेश चतुर्वेदी, मोनू पाल, महन्थ द्विवेदी, रवीन्द्र मिश्र, सुनील त्रिपाठी, रिंकू शुक्ला, जीतेन्द्र द्विवेदी, लवलेश पटेल, चक्रधर द्विवेदी, आदित्य तिवारी, सूबेदार सिंह चौहान, गौरव केसरवानी, आशीष मोदनवाल आदि रहे।


नारी शक्ति केन्द्र में महिलाओं से संवाद करती विधायक आराधना मिश्रा मोना।

# प्राइमरी व मिडिल स्कूलों के बच्चों की शिक्षा राम भरोसे

## स्कूलों में शत प्रतिशत बच्चे नहीं रहते मौजूद

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार ग्रामीणांचल क्षेत्र मे बच्चो की शिक्षा मे कारगर कदम उठाने के लिए पानी की तरह शिक्षकों व मिड डे मील मध्यान्ह भोजन पर पैसा खर्च कर रही है फिर भी विकास खंड कालाकांकर के अंतर्गत अधिकतर प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों मे बच्चो की संख्या मानक के अनुसार व शिक्षकों व प्रधानाध्यापको को स्कूल समय से न पहुंचना आम बात हो गई है।

अपनी मर्जी के मुताबिक लेट लतीफ़ स्कूल पहुंचते रहते है इन पर अंकुश लगाने के लिए विभाग तैयार नहीं है। स्कूल मे कभी बच्चो की शत प्रतिशत उपस्थिति को लेकर कोई कारवाई नही किया और न ही शिक्षकों के आने व जाने के दौरान औचक निरीक्षण करना मुनासिब नही समझते और यदि करते भी है तो सिर्फ खाना पूर्ति कर लेते हैं। यदि विकास क्षेत्र कालाकांकर के प्राथमिक विद्यालयों व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों मे कोई उच्च स्तरीय टीम आकर जाँच करे तो लापरवाही सामने दिखाई देगी। शिक्षकों का समय से स्कूल न पहुंचना आम बात हो गई है जिससे बच्चो की शिक्षा राम भरोसे चल रही है। यही कारण है कि स्कूलों मे अनुपस्थिति चल रहे बच्चे प्राइवेट स्कूलों मे पढ़ रहे हैं।

## चार आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों द्वारा पीड़ित की पिटाई को लेकर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के पूरे फत्ते लोका निवासी छत्रपाल सिंह के पुत्र बद्री प्रसाद सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि शुक्रवार की शाम छः बजे वह दरवाजे पर बैठा था। इस बीच पुरानी रंजिश को लेकर गांव के भानु प्रताप सिंह तथा उसके पुत्र राजाबाबू, शिवकुमार सिंह व पत्नी संगीता ने गालीगलौज शुरू की। विरोध किया तो आरोपियों ने घर में घुसकर लाठी डण्डे से उसे मारपीट कर चुटहिल कर दिया। आरोपियो द्वारा गृहस्थी के सामान में तोडफोड भी की गयी। शनिवार को पुलिस ने आरोपी भानु प्रताप समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## वीडियो वायरल पर केस, आरोपी गया जेल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने समुदाय विशेष के खिलाफ वीडियो वायरल को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के बोझवा गांव में मदरसे के बगल आरोपी थाना क्षेत्र के कटैया निवासी दिग्विजय सिंह पुत्र कौशल कुमार पर आरोप है कि उसने वहां एक धर्म विशेष का झण्डा लगाने के लिए वीडियो वायरल किया। पुलिस ने आपसी सौहार्द बिगाडने की सूचना पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। शनिवार को आरोपी दिग्विजय को पुलिस ने हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया।

# स्वस्थ जीवन जीने के लिये निरोगी होना जरुरी

## साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में छात्राओं को खिलाई गई कीड़े की दवा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज के मॉडल स्कूल साकेत गर्ल्स इण्टर कॉलेज में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारम्भ राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में किया गया जिसका शुभारम्भ जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 ए0एन0 प्रसाद ने किया।

उन्होंने बताया कि किस प्रकार से हमारे पेट में कृमि पहुँच जाता है और जो हम खाते है उसी खाने को खाना शुरू कर देता है साथ ही जो खून हमारे शरीर में बनता है उसका भी प्रयोग वही कर लेते है जिस कारण से हमारा शरीर दुबला एवं कमजोर हो जाता है। ऐसे में हमें सचेत रहने की आवश्यकता है और इसी को समर्पित कर राष्ट्रीय कृमि दिवस मनाया जाता है।

इसके उपरान्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सांकेतिक रूप से पांच छात्राओं को दवा, पानी की बोतल एवं नाश्ता देकर उक्त कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 ए0एन0राय, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 शमीम हैदर, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक राज शेखर, जिला सहायक प्रतिरक्षण अधिकारी महेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संस्थापक अरविन्द श्रीवास्तव ने आये हुये अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया और अपने अभिभाषण में बताया कि यदि स्वस्थ्य जीवन जीना है तो निरोगी होना बहुत आवश्यक है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओं कु0 नेहा सिंह, मुस्कान गुप्ता, रूकमणि विश्वकर्मा द्वारा प्रस्तुत साई वन्दना, सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आये हुये आगन्तुकों का आभार महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अनीता पाण्डेय एवं डॉ0 प्रतिभा मिश्रा द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन अनन्त प्रकाश शुक्ला कार्यक्रमाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना एवं कु0 कौशिकी सिंह द्वारा किया गया।


साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

# नगर पंचायत ढखवा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार को विकास खंड आसपुर देवसरा अंतर्गत नगर पंचायत ढकवा के अधारगंज में जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी की अध्यक्षता में विकास खंड सहित नगर पंचायत ढकवा व रामगंज के समस्त कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बोलते हुए जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने कहा कि संगठन को बूथ से लेकर ब्लॉक व जिले तक मजबूत करना हम सब की जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए पूरे मनोयोग से काम करना होगा। संगठन की जिम्मेदारी उसी को लेनी चाहिए जो पूरी ईमानदारी से काम कर सके। डॉ0 त्रिपाठी ने कहा कि संगठन सृजन का कार्य पूरे जिले में बहुत तेजी से चल रहा है। जल्द ही संगठन को दुरुस्त कर लिया जाएगा। बैठक में विकास खंड आसपुर देवसरा के सभी न्याय पंचायत अध्यक्ष सहित सभी वार्ड अध्यक्ष शामिल रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, उपाध्यक्ष राम लवट यादव, पूर्व प्रत्याशी सुनीता सिंह पटेल, सुभाष तिवारी, नूर आलम, राजेन्द्र वर्मा, बृजेश यादव, राम दवर यादव, विकास यादव, विनोद यादव, रमेश यादव, दरगाही भर्ती, हजारी लाल वर्मा, हरिश्चन्द्र गौतम सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## विवाहिता को ससुरालीजन कर रहे परेशान, शिकायत पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ससुराल के लोग विवाहिता को तरह-तरह से प्रताड़ित कर रहे हैं। विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के उपाध्यायपुर गांव की रहने वाली खुशबू पत्नी अनिल शनिवार को थाना दिवस पर तहरीर देकर आरोपित किया है कि, उसके पति व ससुराल पक्ष के लोग उसे तरह-तरह से प्रताड़ित कर रहे हैं, और मारते पीटते हैं। मामले में पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# स्वच्छ पाठशाला में छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

## संत अंथोनी इंटर कालेज में हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के प्रशासक/जिलाधिकारी संजीव रंजन के आदेशानुसार स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत पाठशाला 2.0 कार्यक्रम का आयोजन सेंट एंथोनी स्कूल, स्वच्छ सारथी क्लब में आयोजित किया गया जिसमें स्कूल के प्रधानाध्यापक/फादर आनंद, संतोष कुमार सिंह सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, अजीत सरोज, शशांक श्रीवास्तव, चंदन एवं शिक्षक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

इस दौरान सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा हर घर तिरंगा, काकोरी ट्रेन एक्शन, स्वच्छता के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। शशांक द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के प्रमुख बिंदुओं यथा साफ सफाई, ट्रिपल आर, गिला कूड़ा एवं सुखा कूड़ा आदि विषयों पर चर्चा की गई। नगर पालिका ने स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत सात अगस्त से 11 तक चलने वाले स्वच्छ पाठशाला कार्यक्रम के तहत आज शहर के संत अंथोनी इंटर कालेज में स्वच्छ पाठशाला का आयोजन किया गया जिसके तहत स्कूल के हजारों छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की जानकारी दी गई। सूखा व गीला कूड़ा अलग करके उपयोग करके गमले व किचन गार्डेन में किस तरह उसका लाभ ले सकते हैं, इसकी जानकारी नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह व स्वच्छ भारत मिशन के शशांक ने बच्चों को दी। कार्यक्रम में नगर पालिका के ईओ राकेश कुमार ने कहा कि स्वच्छ पाठशाला में बच्चे स्वच्छता का ध्यान रखकर निरोग रह सकते हैं। प्रारंभ में संत अंथोनी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य एवं फादर आनंद जी ने नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार जताते हुए कहा कि यह बच्चों के लिये एक अच्छा और उपयोगी कार्यक्रम है। स्वच्छ पाठशाला कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन के शशांक श्रीवास्तव व अजीत कुमार सरोज के अलावा हजारों छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।


स्वच्छ पाठशाला कार्यक्रम में मौजूद नपा के अधिकारी, फादर व बच्चे।


स्तनपान के नए कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन करती मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

# महिला अस्पताल में स्तनपान के नए कक्ष की सुविधा मिली

## मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजा प्रताप बहादुर महिला चिकित्सालय संबद्ध डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज में बच्चों को स्तनपान कराने के लिए अलग से नया चैंबर बनाया गया है। इसका निर्माण बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी और उसके सहयोगियों द्वारा करवाया गया है।

शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ रीना प्रसाद ने फीता काटकर इस कक्ष का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस कक्ष के बन जाने से ओपीडी में शिशु के साथ आने वाली महिलाओं को सहूलियत होगी। अब वे भीड़भाड़ से दूर चैंबर में एकांत में बैठकर बिना झिझक अपने बच्चे को स्तनपान करा सकेंगी। उन्होंने इस कार्य के लिए बच्चा बैंक की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ मनोज खत्री ने कहा कि बच्चा बैंक फ्रेंड्स ने महिला अस्पताल को स्तनपान कक्ष के रूप में एक नई चीज दी है। इसके लिए ग्रुप के लोगों की जितनी तारीफ की जाय कम है। संचालन करते हुए ग्रुप के सहयोगी अश्विनी केसरवानी बताया कि कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव को आना था। जो कि अपरिहार्य कारणों से नहीं आ सके। इस मौके पर मेडिकल कालेज के हड्डी के डाक्टर सचिन कुमार, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार, पैथोलॉजिस्ट डाक्टर दीपिका केसरवानी, शनि सरोज, मोहन और नितेश प्रजापति का सक्रिय योगदान रहा।

# सपाईयों ने मनाई फूलन देवी की जयंती

## चित्र पर माल्यार्पण कर दी गई श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आज समाजवादी पार्टी कार्यालय मीरा भवन पर वीरांगना स्वर्गीय फूलन देवी पूर्व सांसद की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प गुच्छ अर्पित किया गया। जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर शेर बहादुर यादव ने अध्यक्षता व संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया।

इस मौके पर पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव ने बताया कि अत्याचारों के खिलाफ महिलाएं कभी शांत नहीं रहती। इस मौके युवजन सभा के प्रदेश महासचिव प्रभारी मोनू खारी ने कहा की भाजपा सरकार में छात्र नौजवान परेशान हैं। इस सरकार में छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं दी जा रही है हर परीक्षा लीक हो रही स्कूल कॉलेज में बड़े पैमाने पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इस मौके जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडे, जावेद खान, संदीप यादव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ राम बहादुर पटेल, गुलफाम खान, अहमद अली, शेर बहादुर यादव, आर के भीम, रामधन यादव, अश्वनी सोनी, शांति सिंह, संजीव पटेल जिला अध्यक्ष युवजन सभा, विनय प्रताप सिंह, मनीष पाल जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, राजू यादव लोहिया वाहिनी, राजकुमार यादव, अनिल यादव, साबिर अली जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, अनम अहमद, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, अनीश यादव ,मोहम्मद असलम विपिन सरोज जिला अध्यक्ष बाबासाहेब वहिनी, संजय यादव आदि मौजूद रहे।


सपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में बोलते अतिथि।



घुघुरी लोक उत्सव में छात्रा को प्रमाण पत्र देते आयोजकगण।

# भयहरणनाथ धाम में भव्यता के साथ आयोजित हुआ घुघुरी लोक उत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में नागपंचमी के अवसर पर भयहरणनाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान द्वारा आयोजित लोक उत्सव घुघुरी में विविध धार्मिक, सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों का परम्परागत आयोजन जन सहयोग तथा लोक भागीदारी से हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ घुघुरी का प्रसाद भगवान भयहरणनाथ महादेव को संरक्षक देवी प्रसाद मिश्र तथा अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल व महासचिव समाज शेखर द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन करके समर्पित किया गया। तदोपरान्त ब्रम्ह देव समाज मानधाता के संयोजक प्रभाकर पाण्डेय के नेतृत्व में प्रकृति महायज्ञ हुआ। दो किमी तेज दौड प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, निर्णायक की भूमिका कार्यवाहक अध्यक्ष लालजी सिंह व उपाध्यक्ष प्रशासन द्वारा हुआ, जिसमें विकास यादव नूरपुर प्रथम, धीरज तिवारी खमपुर द्वितीय व आशीष पटेल छतौना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं गुडिया गुडडा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसके निर्णायक के रूप में प्रतिमा मिश्रा व राधा शुक्ला ने भूमिका विभाई। विजेताओं को सम्मान व सभी को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा साहित्य भूषण व हरिबंश राय बच्चन सम्मान से विभूषित सुप्रसिद्ध जनकवि प्रकाश को साहित्य व समाज की सेवा हेतु सूर्य कान्त त्रिपाठी निराला सम्मान से सम्मानित कियागया। उत्कृष्ट योगदान हेतु छह महिलाओं को गुडिया सम्मान से विभूषित किया गया, जिसमें कवियत्री राधा शुक्ला, युवा कवियत्री तनु मिश्रा, रेनू सिंह, प्रतिभा मिश्रा, प्रज्ञा सिंह व आस्था शुक्ला शामिल रही। इस मौके पर मुख्य पुजारी भोला नाथ तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार मुन्ना यादव, जांबाज हिन्दुस्तानी सेवा समिति के अध्यक्ष आलोक आजाद आदि मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट योगदान के लिये छह महिलाओं को मिला गुडिया सम्मान

# अदलाबाद अंधरीपुर माइनर के टूटने से गाव हुआ जलमग्न

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालकांकर के अदलाबाद अंधरीपुर माईनर विगत 3-4 दिनों से नहरपुल के पश्चिम छोर के लगभग 25-30 मीटर दूरी पर पटरी के टूट जाने से आस पास के सैकड़ों बीधा धान की खेती लबालब पानी मे डूब गई खेत मे पानी भर जाने के बाद नहर किनारे गांव नंदी का पुरवा के आने जाने वाली सड़क पर पानी भर गया जिससे बाबा गौरी शंकर मंदिर पर जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओ को पानी के रास्ते से होकर आना जाना पड़ रहा है।

ग्रामवासी राजेश शुक्ला, संतोष पांडे, अंकित पांडे, राम गरीब, सचिन पांडे, पप्पू शुक्ला व सोनू शुक्ला ने बताया कि उक्त अदलाबाद अंधरीपुर माइनर विगत तीन चार दिनों से टूट गई है जिसका सारा पानी खेत मे भरने के बाद गाव की सडक पर आने जाने वाले रास्ते पर भर गया है जो आवागमन बाधित कर रहा है ग्रामीणो ने 112 पुलिस को फोन किया तो पुलिस देखकर वापस चली गई। इसके बाद ग्रामवासियों ने मीडिया को जानकारी दिया जिस पर एस डी ओ शैलेन्द्र कुमार को अवगत किया और मौके पर जेई को भेज कर नहर के पानी को बन्द कराने की बात कही। ग्रामीणो ने बताया कि क्षेत्र मे कभी जेई दिखाई नही पड़ते चार दिनों से नहर का पानी बह रहा है विभाग को खबर तक नही है।

## तीन-चार दिनों से टूटी नहर की पटरी को नही बन्द किया गया

# सड़क पर जल जमाव होने से लोगों को हो रही है फजीहत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सड़क पर जल जमाव होने से राहगीरों व स्कूली बच्चों को आने-जाने में भारी समस्या हो रही है। बारिश होने पर इतना जल जमाव हो जाता है कि सड़क दिखाई नहीं देती है जिसमें लोग गिरकर चोटिल भी हो जाते हैं बाजार वासियों ने इसकी शिकायत संबंधित लोगों से की लेकिन इसका निजात नहीं मिल पाया।

बता दें कि पट्टी तहसील क्षेत्र के करैला बाजार में बारिश होने पर सड़क पर इतना जल जमा हो जाता है कि सड़क दिखाई नहीं देती है जिससे राहगीर व स्कूली बच्चे गिरकर घायल भी हो जाते हैं। वही बाजार वासियों ने बताया कि इसकी शिकायत संबंधित लोगों सहित जनप्रतिनिधियों से भी की गई लेकिन निजात नहीं मिल पा रहा है। जल जमाव होने के चलते चार पहिया व भारी वाहनों का आवागमन रहता है जिससे रोड पर जल जमाव का पानी घरों के अंदर भी घुस जाता है। इतना ही नहीं कई लोग इसमें गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। जिले के उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष करते हुए इस समस्या से निजात दिलाए जाने की बाजार वासियों ने मांग की है।

## मवेशी की टक्कर से बाइक सवार घायल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मवेशी की टक्कर से बाइक सवार दुर्घटना में चुटहिल हो गया। लालगंज कोतवाली के गोखाड़ी निवासी भारत यादव 65 अपनी नातिन रिया के साथ शुक्रवार की देर शाम प्रतापगढ़ से घर आ रहा था। लीलापुर थाने के हण्डौर गांव के समीप नेशनल हाइवे पर बाइक मवेशी से टकरा गयी। दुर्घटना में भारत यादव को चोटें आ गयी। उपचार के लिए उसे लालगंज ट्रामा सेण्टर लाया गया। प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें घर भेजवा दिया।

# आतंक : पूरे परिवार पर किया कुल्हाड़ी लाठियों से हमला चार लहूलुहान

अखंड भारत संदेश

● खबर लिखे जाने तक हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई है हमलावरों को जेल नहीं भेजा गया है

● घटना के बाद से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है और कभी भी पुनरावृत्ति हो सकती है

**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के चक माहपुर पांडे मऊ गांव में शुक्रवार की रात्रि दबंगों ने आतंक अत्याचार की सारी हदे पार कर दी है दौड़ा दौड़ा कर कुल्हाड़ी लाठियो से पूरे परिवार पर हमला किया गया है हमले में छोटे-छोटे बच्चों महिलाओं समेत पूरा परिवार लहूलुहान है महिलाओं सहित छोटे-छोटे बच्चो को दबंगों ने लाठियो से बेरहमी से पीटा है जिससे पूरे परिवार के लोगो के शरीर से जगह जगह से खून बह रहा है घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है लेकिन खबर लिखे जाने तक पूरे परिवार पर हमला करने वाले दबंग की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है जिससे दबंग के हौसले फिर बुलंद है और वह पीड़ित परिवार पर कभी भी गंभीर वारदात की घटना को अंजाम दे सकते हैं। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के चक्र माहपुर पांडे मऊ गांव निवासी लवकुश पुत्र जंग बहादुर शुक्रवार की रात्रि लगभग 7:00 बजे पेड़ के नीचे अपनी भैंस बांधने गए थे इसी बात को लेकर उनके पड़ोसी इंदल प्रजापति के बेटे दिनेश और दीपक गाली गलौज करने लगे देखते देखते दिनेश और दीपक के बेटे मौके पर लाठी डंडा कुल्हाड़ी लेकर पहुंच गए और इंदल प्रजापति के बेटों पोतों ने कुल्हाड़ी लाठियो से लवकुश पर हमला कर दिया लव कुश की रोने चीखने की आवाज सुनकर उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी और बेटे करन सुनील मौके पर पहुंचे जिस पर उन्हें भी बेरहमी से पीटा गया बचाव के लिए परिवार के लोग इधर-उधर भागते गए लेकिन दबंगों ने दौड़ा दौड़ा कर लोगों को पीटा है हमले में लव कुश उसकी पत्नी लक्ष्मी देवी बेटे सुनील करन सहित चार लोग लहूलुहान है दबंगों ने लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर इस कदर पीटा कि अधिक चोट लगने से चारो लोग जमीन पर गिर पड़े लेकिन दबंगों का रौद्र रूप देखकर बीच बचाव करने का साहस गांव में किसी ने नहीं किया दबंगों ने ललकारते हुए धमकी दिया कि मौका मिला तो पूरे परिवार की हत्या करके फेंक देंगे घायल रोते बिलखते पुलिस चौकी पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन खबर लिखे जाने तक हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई है हमलावरों को जेल नहीं भेजा गया है जिससे घटना के बाद से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है और कभी भी पुनरावृत्ति हो सकती है।






## पूर्व सीएमओ के ढर्रे पर चल पड़े नए सीएमओ पूरी व्यवस्था चौपट

चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारे जाने की उम्मीद लोगों को अब हो गई है खत्म

**कौशाम्बी।** जिले की चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने के लिए सूबे के मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिले में नए मुख्य चिकित्सा अधिकारी की तैनाती शासन स्तर से हुई लोगों को उम्मीद जागी थी कि नए सीएमओ जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार करेंगे लेकिन महीना बीत जाने के बाद भी नए सीएमओ जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में तनिक भी सुधार नहीं कर सके हैं बल्कि पुराने सीएमओ के ढ़र्रे पर वह चलने लगे हैं पुराने सीएमओ कर्मचारियों के इशारे पर काम करते थे और कर्मचारी वसूली करते थे मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से हुई मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुराने सीएमओ को जिले से हटाकर नए सीएमओ की तैनाती इस उम्मीद से की गई कि जिले की खरब स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार होगा लेकिन नए सीएमओ के आने के बाद भी स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार नहीं हो सका जिससे कौशांबी की चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार होने की उम्मीद फिर छूट गई है बताया जाता है कि पीएचसी बैशकांटी सेलरहा टेवा कादिलपुर कसेन्दा उदहीन महगाव अमनी लोकीपुर टिकरा म्योहर कोखराज शहजाद पुर शुजातपुर पश्चिम शरीरा पूरामुफ्ती पीएचसी सहित एक दर्जन से अधिक सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की लगातार तैनाती होती है लेकिन डॉक्टरों की तैनाती के बाद 10 वर्ष से कभी डॉक्टर वा अन्य कर्मी इन अस्पताल में नही रहते मरीजो को इलाज नही मिलता जिले के आम जनमानस ने शासन प्रशासन से कहा है कि कभी इन अस्पतालों का भी हाल देख लें। बीते दस वर्ष से दर्जनों से अधिक सरकारी अस्पताल का हाल बेहद खराब है पूरा महीना बीत जाने के बाद भी अस्पताल में कभी भी डॉक्टर नही रहते लेकिन फिर भी डॉक्टरों की उपस्थिति दर्ज होती है उन्हें वेतन दिया जाता है कभी शासन को सच्चाई से सीएमओ अवगत नहीं करते हैं सब कुछ जानते हुए भी स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने का प्रयास नहीं हो रहा है अवैध नर्सिंग होम को बढ़ावा दिया जा रहा है पुराने सीएमओ के ढर्रे पर नए सीएमओ भी चल पड़े है सरकारी अस्पताल के डॉक्टर को ड्यूटी न देने के बाद सीएमओ कार्यालय का एक बाबू बीते 15 वर्षों से इन डॉक्टरों से वसूली कर रहा है बताया जाता है कि कई करोड़ रुपए सालाना सरकारी डॉक्टर से सीएमओ कार्यालय में वसूली होती है अवैध नर्सिंग होम से करोड़ो की अलग वसूली होती है सवाल उठता है कि सरकारी अस्पतालों की चौपट व्यवस्था को कौन सुधारेगा जब नए सीएमओ पुरानी व्यवस्था पर चल चुके हैं तो इनसे व्यवस्था सुधारे जाने की उम्मीद लोगों को खत्म हो गई है।

## जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने दवा खाकर निभाई जिम्मेदारी- अब है आपकी बारी

गर्भवती और अति गंभीर बीमार को छोड़कर सभी करें दवा का सेवन



**कौशाम्बी।** लाइलाज बीमारी फाइलेरिया के उन्मूलन के लिए सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान शनिवार से शुरू हुआ, जो कि 2 सितंबर 2024 तक चलेगो अभियान की शुरूआत मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय मंझनपुर से जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार ने किया अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता व स्वास्थ्यकर्मी घर - घर जाएंगे और अपने सामने ही एक वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन कराएंगे। गर्भवती और अति गंभीर बीमार को दवा का सेवन नहीं करना है एक से दो वर्ष तक के बच्चों को सिर्फ पेट के कीड़े निकालने की दवा खिलाई जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वह खुद दवा का सेवन करें और आस-पास के लोगों को दवा सेवन के लिए प्रेरित करें। दवा का सेवन खाली पेट नहीं करना है स्वास्थ्यकर्मी के सामने ही दवा खानी है दवा का सेवन सिर्फ फाइलेरिया मरीज को नहीं, बल्कि एक वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को करना है पांच साल में पांच बार यानी साल में एक बार इस दवा का सेवन कर लेने से फाइलेरिया (हाथीपांव व हाइड्रोसील) से बचाव होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि जिले की करीब 15 लाख की आबादी को दवा का सेवन कराया जाएगा। दवा के निर्धारित डोज का सेवन आशा कार्यकर्ता या स्वास्थ्यकर्मी के सामने ही करना है। अगर टीम पहुंचने पर घर का कोई सदस्य उपस्थित नहीं है तो वह आशा कार्यकर्ता के घर जाकर उनके सामने ही दवा का सेवन करें अभियान के संचालन के लिए 1070 टीम बनाई गई हैं फाइलेरिया से बचाव की दवा शरीर में इसके परजीवियों को मारती है जिसके प्रतिक्रिया स्वरूप कभी कभी सिर दर्द, शरीर दर्द, बुखार, उल्टी और बदन पर चकत्ते जैसे लक्षण सामने आते हैं । यह लक्षण स्वतः ठीक हो जाते हैं और जिनमें यह लक्षण आ रहे हैं उन्हें खुश होना चाहिए कि वह फाइलेरिया से मुक्त हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में हाथीपांव के 658 और हाइड्रोसील के 387 मरीज चिन्हित हैं । फाइलेरिया ग्रसित इन जैसे और भी मरीज न आएं इसी उद्देश्य से बड़ी आबादी को दवा का सेवन करवाना होगा, जिसमें सामुदायिक सहयोग अपेक्षित है।

# पुरानी रंजिश में दंपति सहित तीन लोगों पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के हरदुआ खास में पुरानी रंजिश के चलते दबंगो ने दंपति व बीच बचाव करने आए एक युवक को लाठी डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर अधमरा कर दिया। सुचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। और पीड़ितो की तहरीर पर पुलिस हमलावरों की तलास में जुट गई हैं। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम हरदुआ खास निवासी जगदीश सिंह ठाकुर पुत्र रामचन्द्र ने चरवा थाना प्रभारी को शिकायती प्रार्थना देकर बताया कि शनिवार की सुबह पुरानी रंजिश को लेकर उसके गांव के ही शेर सिंह पुत्र इंद्रपाल व शिवकुमार रामू सिंह व छायावर सिंह पुत्रगण शेर सिंह ने एकजुट होकर गाली गलौज करते हुए लाठी डंडा व कुल्हाड़ी लेकर आए और जगदीश सिंह को और जगदीश सिंह की पत्नी को मारने पीटने लगे जिससे छायवर सिंह ने कुल्हाड़ी से जगदीश के सर पर मार दिया जिससे जगदीश के सर पर गंभीर चोट आई और खून से लथपथ हो गया मार पीट में जगदीश की पत्नी के हाथ व शरीर पर अन्य जगह गंभीर चोट आई है बीच बचाव करने आए रामधीर को भी लोहे की रॉड से सर पर वार कर दिया जिससे रामधीर को भी सर पर गंभीर चोट आई साथ में जगदीश ने बताया कि उसके विपक्षी उसे जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित की शिकायत दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई और पीड़ितो को आश्वासन दिलाया की मलावरों पर सख्त कानूनी कार्यवाही कराई जाएगी।






## न्यूज झरोखा

### एसडीएम व सीओ सिराथू ने सुनी फरियादियों की समस्या



**कोखराज।** समाधान दिवस में एसडीएम सिराथू महेंद्र श्रीवास्तव व सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा नायब तहसीलदार सजंय सिंह एसओ कोखराज इंद्रदेव व राजस्व निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह की उपस्थिति में आम जनमानस व फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और मामले का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने का सम्बंधित क्षेत्र के लेखपालों को आदेशित किया गया समाधान दिवस के मौके पर 8 मामलें आये जिसमें 2 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। मौके पर एसओ कोखराज इन्द्रदेव, ,चौकी प्रभारी सिंघिया नीरज उपाध्याय व राजस्व निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह,लेखपाल लोकनाथ पांडेय, ,देवेंद्र सिंह, सुमित केशरवानी,कृष्णा नन्द, नित्या पाल, अनुराधा वर्मा पूनम मौर्या पवन सिंह,अमन सिंह नरेंद्र सिंह, कमल सिंह,आदि लोग उपस्थित रहे।

### चाचा भतीजे सहित चार को लाठियो से पीटा

**महगांव कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर के चाचा भतीजे सहित चार लोगों को दबंगो ने लाठी डंडे से पीट दिया है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है थाना पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर गांव निवासी सत्यवान पुत्र कुँवारे लाल पड़ोस की दुकान पर सामान लेने जा रहा था दुकान के बाहर उसे छोटू नामक युवक मिला उसने पड़ोस की दुकान में सामान लेने से मना किया है लेकिन सत्यवान नहीं माना जिस पर छोटू अपने परिवार के आधा दर्जन से अधिक लोगों को बुलाकर ले आया और सत्यवान को लाठी डंडे से पीटने लगा चीख पुकार सुनकर सत्यवान के भतीजे राजू सुरेश वा चचेरा भाई दशरथ लाल दौड़कर मौके पर पहुंचे जिस पर दबंगो ने उन्हें भी लाठी डंडी से बेरहमी से पीट दिया है जिससे चाचा भतीजा सहित चार लोग लहूलुहान हो गए हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है थाना पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### चंद्रभान के विरुद्ध पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के रैया देह माफी गांव निवासी पत्रकार रजनीश कुमार पुत्र मिठाई लाल द्वारा ट्विटर एक्स पर अरुणेश मिश्रा की पोस्ट पर कमेंट किए जाने के बाद चंद्रभान ने रजनीश उनके पिता और परिवार के बारे में ट्विटर एक्स पर अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी इस मामले की रजनीश ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर धमकी देने वाले अभद्र भाषा मे टिप्पणी करने वाले चंद्रभान पुत्र दक्खिनी मूल निवासी पंनोई थाना संदीपनघाट हाल मुकाम मीरापुर थाना करारी के विरुद्ध चरवा थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के बेरुई गांव निवासी शिव बाबू यादव पुत्र शंकर लाल यादव हत्या के मुकदमा अपराध संख्या 322 सन 2024 में वांछित है वांछित अभियुक्त की पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी प्राइमरी स्कूल बेरुई के पास पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### कब्जे की ग्राम प्रधान ने की पुलिस से शिकायत

**महगाव कौशाम्बी** चायल तहसील के मलाक मोइनुद्दीन पुर की ग्राम प्रधान श्यामा देवी ने संदीपन घाट थाना पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनके गांव में आबादी की जमीन खाली पड़ी थी जिस पर हुबलाल पुत्र असरफीलाल निवासी दुधारा जबरिया कब्जा कर रहा है आबादी की जमीन पर कब्जा रोकने की मांग ग्राम प्रधान ने पुलिस से की है।

### बारियावा गांव में फाइलेरिया की खिलाई गई दवा

**कौशाम्बी** चायल तहसील के बारियावा गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में 10 अगस्त को फाइलेरिया दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को दवाई खिलाई गई है और उन्हें फाइलेरिया की दवा खाने से होने वाले फायदे के बारे में बताया गया है इस मौके पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अभिमन्यु कुमार वर्मा ग्राम प्रधान रामपुर शिक्षक अशोक कुमार श्रीमती संतोषी देवी आशा श्रीमती उषा देवी स्नेह लता विश्वकर्मा कदामनी संगीता मोतीलाल शर्मा मुकेश कुमार शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं की उपस्थिति और बढ़ाने के लिए किया जाए सकारात्मक प्रयास : जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय, मोहम्मदपुर असवा का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, बच्चों को निपुण बनाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को किया जाएगा सम्मानित




**कौशाम्बी** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज उच्च प्राथमिक विद्यालय,मोहम्मदपुर असवा का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान डिजिटल उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया, सभी अध्यापक उपस्थित पाये गये। उन्होंने प्रधानाध्यापक से कुल छात्र-छात्रों की संख्या की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं के निपुणता पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद कर बच्चों से अंग्रेजी की किताब पढ़वाया व गणित के सवाल हल करवाकर शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। शिक्षा की गुणवत्ता ठीक पाए जाने पर अध्यापकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चों को निपुण बनाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भविष्य में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने अध्यापकों से कहा कि बच्चों को डिजिटल दुनिया से जोड़ा जाय।उन्होंने विद्यालय में लगे प्रोजेक्टर का निरीक्षण कर संचालन की जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया की बच्चों को मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण मिड-डे मील प्रदान किया जाय तथा छात्र-छात्राओं की और उपस्थिति बढ़ाने के लिए सकारात्मक प्रयास किया जाय।

### आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करने वाले की पुलिस ने की गिरफ्तारी

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र में दो महीने पहले लल्ला अपनी पत्नी की रगमिजाजी से आजिज कर कुए में कूद कर लल्ला ने आत्महत्या कर लिया था बताया जाता है कि राजू नाम के व्यक्ति से लल्ला की पत्नी सीमा का अवैध संबंध था जिसके कारण राजू और सीमा ने मंदिर में जाकर सिंदूर भरकर शादी कर लिया था और उसकी वीडियो फेसबुक पर अपलोड कर दिया था जिससे आहत होकर लल्ला ने कुआ में कूदकर आत्महत्या कर लिया था इस मामले में हेमवंत सिंह अपने भाई राजू की मदद कर रहा था राजू और मृतक की पत्नी सीमा को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था राजू और सीमा इस वक्त जेल में है लल्ला के आत्महत्या के मामले में सराय अकिल पुलिस ने आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले तीसरे आरोपी हेमवंत सिंह निवासी म्योहर थाना करारी वर्तमान पता भखन्दा थाना सराय अकिल को 10 अगस्त को खोपा मार्ग से सराय अकिल पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है जहां से हेमवंत सिंह को जेल भेज दिया गया है।

## वर्दी की धुलाई करने वाला बना थाने का बड़ा दलाल

अदालत के मृतक के प्रकरण की अभी तक जांच नहीं पूरी हो सकी

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाने में पुलिस कर्मियों की वर्दी की धुलाई करने वाला इन दिनों थाने का बड़ा दलाल बन गया है हर मामले में यह पुलिस जनों से काम कराने के लिए फरियादियों से ठेका लेने लगा है पूरे दिन यह केवल फरियादियों से वसूली में मस्त दिखाई पड़ता है कुछ मामले को यह सेट भी कर लेता है और उनसे हजारों रुपए लेकर उनकी सिफारिश करने लगता है मारपीट लड़ाई झगड़ा जमीन जायदाद के विवाद के मामले में जब पुलिस किसी आरोपी पर दबाव बनाती है तो यह कपड़ा की धुलाई करने वाला दलाल आरोपी परिवार से मोटी रकम लेकर के उन्हें थाने से छोड़ने की सिफारिश लेकर पहुंच जाता है थाने के सामने इसकी दुकान लगी है और पूरे दिन घूम घूम कर यह थाने में पुलिस कर्मियों के बीच दलाली करते देखा जाता है सीसीटीवी कैमरे से जांच करके मामले का खुलासा किया जा सकता है बताया जाता है कि थाने के अभिलेखों में नाजायज असलहा बेचने वाला अदालत का मृतक चाय पान की दुकान के आड़ में पहले दलाली करता था फिर इसकी कई बार अधिकारियों से शिकायत हुई तो यह मृतक जीवित होते हुए शांत हो गया है अदालत के मृतक के प्रकरण की अभी तक जांच नहीं पूरी हो सकी है लेकिन अब कपड़े की धुलाई करने वाले को इस मृतक ने अपना माध्यम बना लिया है और कपड़ा की धुलाई करने वाला पश्चिम शरीरा थाने का बड़ा कारखास बन गया पूरे दिन यह दलाली कर रहा है जबकि इसका मूल काम पुलिस की वर्दी की धुलाई करना है पुलिस की वर्दी की धुलाई करने की आड़ में दलाली के इस धंधे की जांच करते हुए दलाली करने वालो पर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव पर महाविद्यालय में रैली का आयोजन

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी में 9 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अवसर पर महाविद्यालय में रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शैलेन्द्र तिवारी ने रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली महाविद्यालय से चलकर ओसा चौराहे से होते हुए पुनः महाविद्यालय में सम्पन्न हुई। ततपश्चात महाविद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवम प्राध्यापकों ने पौधारोपण किया इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवम रोवर्स-रेंजर्स के स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शैलेन्द्र तिवारी अपने उदबोधन में कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह से हमे राष्ट्रीय गौरव का बोध होता है। हमारी संस्कृति और परंपरा में स्वाधीनता की आबोहवा का मिश्रण है। हमारी निर्मित में हमारे जनमानस का अहम योगदान होता है। उन्होंने अपनी बात चंद पंक्तियां कहकर समाप्त किया-

***आओ हम सब मिलकर गाथा काकोरी की गाते हैं।***

***अमर शहीदों की कुबार्नी को जन- जन को सुनाते हैं।***

कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अजय कुमार एसोसिएट प्रोफेसर हिंदी द्वारा किया गया । तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 अनिल कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर-गणित द्वारा किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो0अनिल कुमार सोनकर डॉ0 नीलम बाजपेई असिस्टेंट प्रोफेसर जंतु विज्ञान, डॉ0 रीता दयाल असिस्टेंट प्रोफेसर प्राचीन इतिहास, डॉ0 पवन कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर भूगोल, डॉ0 तरीत अग्रवाल असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी, डॉ0आनंद कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर संस्कृत, डॉ0 रमेश चंद्र असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य , डॉ0 राम प्रताप यादव असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान, डॉ0 संतोष कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान एवं डॉ0 शैलेश मालवीय असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य तथा छात्र,छात्राएं उपस्थित रहे।

### आटो चालक की लापरवाही से आधा दर्जन सवारी घायल

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी से सवारी लेकर जा रहे आटो चालक की लापरवाही से आधा दर्जन सवारी घायल हो गए हैं। डायल 112 में तैनात पुलिस कर्मियों द्वारा घायलों को समय रहते हॉस्पिटल पहुंचाया गया। घायलों का प्रयागराज जिले के एक निजी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। घटना पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बमरौली चौकी अंतर्गत की है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी निवासी आफरीन, शाहनवाज, बालकिशन एवं परतोष श्रीवास्तव आटो पर सवार होकर प्रयागराज जा रहे थे। जैसे ही आटो बमरौली चौकी के पास पहुंचा आटो चालक एक कार में आटो को ठोक दिया। आटो सवार चार लोग गंभीर घायल हो गए बाकि लोगों को हल्की चोटें आई है। कुछ कदम की दूरी पर डायल 112 की गाड़ी खड़ी थी। डायल 112 में तैनात पुलिस कर्मी ऋषि कुमार, राकेश कुमार, चालक वीरेंद्र सिंह एवं महिला कांस्टेबल बबली यादव ने घायलों को उपचार हेतु एक निजी हॉस्पिटल एडमिट करा दिया है जहां पर घायलों का इलाज चल रहा है।

## 15 वर्षों से कीचड़युक्त रास्ते से आने-जाने को मजबूर आमजन

10 वर्षों तक विकास के लिए भाजपा सांसद को मौका देने के बाद भी मनौरी की आम जनता परेशान



**कौशाम्बी।** भाजपा की योगी मोदी सरकार पूरे देश प्रदेश में विकास की बात कर रही है कौशांबी की जनता ने भी 10 वर्षों तक भाजपा के सांसद को विकास करने का मौका दिया लेकिन विकास कहां हुआ आम जनता नहीं देख पा रही है 10 वर्षों में भाजपा के सांसद के विकास की स्थिति यह है कि आम जनता मनौरी बाजार के महर्षि दयानंद विद्यालय मार्ग के कीचड़ युक्त सड़क से चलने को आज भी मजबूर है इस रास्ते से स्कूली बच्चों को भी आना-जाना है पूरे वर्ष कीचड़ भरा रहने के चलते इस रास्ते पर आए दिन कीचड़ की सड़क पर आम जनता और स्कूली बच्चे गिर रहे हैं लोग घायल हो रहे हैं लेकिन विकास की बात केवल भाषण और बयान बाजी तक भाजपा की दिखाई पड़ रही है विभागीय अधिकारी भी सड़क की दुर्दशा पर सुधार करते नहीं दिख रहे हैं जबकि योगी सरकार ने कई बार अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए लेकिन सड़क गड्ढा मुक्त नहीं हो सकी और अधिकारी दंडित भी नहीं हो सके। गौरतलब है कि जनपद का महमूदपुर मनौरी बाजार एक बहुत बड़ा व्यापारिक केंद्र है और इस बाजार में प्रतिदिन हजारों लोगों को आना जाना है इसी रास्ते से दर्जनों गांव के हजारों लोग मनौरी बाजार सामान खरीदने आते हैं उनको कीचड़ युक्त रास्ते से गुजरना पड़ता है लेकिन ग्राम प्रधान से लेकर ब्लॉक प्रमुख ने भी इस रास्ते की मरम्मत कराने की नहीं सोची है वर्तमान में क्षेत्र से विधायक पूजा पाल हैं लेकिन पूजा पाल ने भी इस सड़क की मरम्मत कराने का प्रयास नहीं किया है जिससे इन नेताओं की मंशा का अंदाजा लगाया जा सकता है लेकिन समय बीत जाने के बाद सभी बेशर्म नेता मुंह चीरकर भाषण देते हैं कि उन्होंने विकास किया है लेकिन विकास के नाम पर मनौरी का यह मार्ग कोसो दूर है मनौरी बाजार के महर्षि दयानन्द विद्यालय मार्ग पर जल भराव हमेशा बना रहता है जल निकासी के लिए नाली का प्रबंध भी ग्राम प्रधान नहीं कर सकें हैं जबकि विकास के नाम पर बड़ा बजट ग्राम पंचायत से खर्च किया जा चुका है सड़क में कीचड़ युक्त पानी भरा रहने से आने जाने वाले हजारों लोगो को इसी कीचड़ सहित पानी भराव से होकर गुजरना पड़ता है इस रास्ते से प्रतिदिन हजारों स्कूली बच्चों को आना जाना पड़ता है उनकी मुसीबत किसी नेता और जनप्रतिनिधि को नहीं दिखाई पड़ रही है अक्सर स्कूली बच्चे इस कीचड़ में गिर जाते है लेकिन जिम्मेदार लोगो की इस रास्ते में निगाह नही जाती या फिर आम जनता को मुसीबत में छोड़ने से उन्हें आनंद आता है यह कह पाना मुश्किल है।

## सम्पादकीय

### सत्ता परिवर्तन के परिणामस्वरूप द्विपक्षीय आर्थिक संबंध प्रभावित न हों

**भारत** को यह भी देखना होगा कि सत्ता परिवर्तन के परिणामस्वरूप द्विपक्षीय आर्थिक संबंध प्रभावित न हों। बांग्लादेश भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसका द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 12.9अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। बांग्लादेश को भारत का निर्यात कुल 11अरब अमेरिकी डॉलर है। भारतीय कंपनियों और भारत सरकार ने बांग्लादेश में बड़ा निवेश किया है। हाल ही में बांग्लादेश ने चीन के प्रस्ताव को ठुकराते हुए भारत के साथ मिलकर तीस्ता परियोजना पर सहमति जताई है।

भारत आज बांग्लादेश में अभूतपूर्व राजनीतिक उथल-पुथल का सामना कर रहा है, जब पिछले पंद्रह वर्षों से प्रधानमंत्री रहीं शेख हसीना वाजेद को सेना के जनरलों और उनकी अपनी सुरक्षा टीम के सदस्यों ने मात्र 45 मिनट के भीतर देश छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। वह अब दिल्ली में हैं और राजनीतिक शरण के लिए किसी पश्चिमी देश से हरी झंडी मिलने का इंतजार कर रही हैं।

बांग्लादेश में पिछले तीन दिनों में घटनाक्रम इतनी तेजी से हुआ कि भारतीय खुफिया एजेंसियों को भी अंतिम समय में हुए घटनाक्रम के बारे में कोई पूर्व सूचना नहीं थी। भारतीय विदेश मंत्रालय के अधिकारी पड़ोसी देश में अचानक हुई घटनाओं से स्तब्ध हैं, जिसमें पिछले कई वर्षों से भारत की सरकारों ने राजनीतिक और आर्थिक पूंजी के मामले में सबसे अधिक निवेश किया है। पिछले कुछ वर्षों में घटित घटनाओं के इतिहास में जाये बिना, खासकर कोटा प्रणाली के खिलाफ शुरू में 36 दिनों तक चले छात्र आंदोलन और फिर अंतिम चरण में हसीना सरकार को हटाने के लिए एक व्यापक आंदोलन में बदल जाने के बाद, प्रदर्शनकारियों और सेना द्वारा दिये गये संकेत भारत के हितों के विपरीत हैं। भारत को अस्थिर द्विपक्षीय संबंधों के दौर के लिए तैयार रहना होगा। आइये, बांग्लादेश में हसीना के बाद के राजनीतिक परिदृश्य पर नजर डालें। अभी सेना प्रमुख वकर-उज-जमां ने बांग्लादेश का प्रशासन संभाल लिया है। उन्होंने अंतरिम सरकार के गठन के लिए अवामी लीग को छोड़कर सभी राजनीतिक दलों के साथ सोमवार की रात बैठक की। चर्चा में दक्षिणपंथी विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी ने हिस्सा लिया। अंतरिम सरकार के संभावित प्रधानमंत्री पद के लिए कुछ नामों पर चर्चा हुई। नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. मोहम्मद यूनुस उनमें से एक हैं। वे हसीना के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व करने वाले सर्वोच्च निकाय छात्र समूह अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन की पसंद प्रतीत होते हैं।

बांग्लादेश में उभरते राजनीतिक परिदृश्य के बारे में दो अहम सवाल हैं। क्या सेना प्रमुख वास्तव में सत्ता को नागरिकों और राजनीतिक दलों को सौंप देंगे, जैसा कि वे कह रहे हैं, या बांग्लादेश की सेना प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शासन करना जारी रखेगी।

# ओलंपिक या साजिश का अखाड़ा

– सर्वमित्रा सुरजन

**अब** विनेश फोगाट किस तरह की वापसी करेंगी, इस बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, क्योंकि इन पंक्तियों के लिखने तक खबर थी कि अपना वजन कम करने के लिए विनेश ने रात भर साइकिलिंग की, वेट लिफ्टिंग की लेकिन वजन फिर भी कम नहीं हुआ। उसके बाद वो निराश होती गईं और अंत में बेहोश हो गईं। उन्हें ओलंपिक विलेज के ही पॉलिक्लीनिक में इलाज के लिए ले जाया गया है।

श्रीमान मोदी खुश हो सकते हैं कि विनेश फोगाट ओलम्पिक में कुश्ती के फाइनल मुकाबले में आने से पहले ही अयोग्य घोषित कर दी गईं। उनका वजन सौ ग्राम ज्यादा पाया गया, तो इसकी सजा ये मिली कि उन्हें फाइनल मुकाबला खेलने से रोका गया और इसके साथ ही उन्हें अब कोई पदक भी नहीं दिया जाएगा। यहां नरेन्द्र मोदी के लिए खुशी की बात यह है कि अब कम से कम उन्हें ये चिंता नहीं रहेगी कि अगर विनेश फोगाट ओलम्पिक में मिला पदक भी लोककल्याण मार्ग आकर उनके दरवाजे पर रख आतीं, तो फिर वे देश को क्या जवाब देते। वैसे भी देश को जवाब देना उन्होंने कभी जरूरी नहीं समझा। इसलिए 2024 के चुनावी घोषणापत्र में 2036 में ओलम्पिक कराएंगे, जैसी घोषणा वे कर देते हैं और उनके समर्थक इसी में खुश हो जाते हैं।

विनेश फोगाट अगर बुधवार को कुश्ती का फाइनल मुकाबला खेलतीं तो फिर एक पदक मिलना तय ही था। स्वर्ण होता तो देश ज्यादा खुश होता, रजत होता, तब भी खुशी कम नहीं होती, क्योंकि पदक मिलना ही बड़ी बात थी। और विनेश फोगाट के मामले में ज्यादा बड़ी बात इसलिए थी क्योंकि उन्होंने पेरिस में क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मुकाबलों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को ही धूल नहीं चटाई, बल्कि पूरी मोदी सरकार को बड़ी पटखनी दी। हालांकि मोदीजी के लिए इसमें भी खुश होने की बात थी, क्योंकि वे तब यह कह सकते थे कि विनेश ने उनकी बात मानते हुए आपदा में अवसर तलाश लिया। उनके असंभव, अविश्वसनीय और अकल्पनीय किस्सों की कड़ी में यह किस्सा भी जुड़ सकता था कि मेरी पुलिस ने विनेश पर जोर आजमाइश की और मैंने उसके साथ नाइंसाफी होने दी, ताकि शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से उसकी मजबूती परख सकें। इस तरह श्री मोदी बड़े आराम से विनेश फोगाट के पदक लाने का श्रेय ले लेते और उनके समर्थक इसे सही साबित भी कर देते। चंद्रयान से लेकर टी-20 वर्ल्ड कप तक सारी उपलब्धियों पर यही तो होता आया है।

किसी भी तरह की कामयाबी पर प्रधानमंत्री का चेहरा सामने आ जाता है और उसके पीछे नाइंसाफी की जितनी कालिख है, वो सब छिपा दी जाती है। देश ने देखा है कि मोदी सरकार ने विनेश के सामने तमाम तरह की आपदाएं खड़ी कीं। सरकारी, कानूनी तंत्र की लिंचिंग पर्याप्त नहीं लगी तो मीडिया और सोशल मीडिया की ट्रोल आर्मी के जरिए विनेश फोगाट, साक्षी मलिक, बजरंग पुनिया जैसे खिलाड़ियों का भरपूर अपमान किया। मंगलवार को जब विनेश मैच खेल रही थीं, तो उसकी कमेंट्री साक्षी मलिक कर रही थीं। इधर देश में बजरंग पुनिया विनेश फोगाट पर सवाल उठाने वाले पत्रकारों को भाजपा की ट्रोल आर्मी का सदस्य बता रहे थे और पूछ रहे थे कि मोदीजी कब विनेश को फोन करके बधाई देंगे। लेकिन मोदीजी का न फोन आया, न ट्वीट आया। फिर जैसे ही बुधवार सुबह खबर आई कि महज सौ ग्राम ज्यादा होने से विनेश को मुकाबले के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया है, उसके बाद ही नरेन्द्र मोदी का ट्वीट आ गया, जिसमें उन्होंने विनेश को चैंपियनों की चैंपियन बताया है और कहा है कि वे और मजबूत होकर वापसी करेंगी। मानो श्री मोदी इंतजार कर रहे थे कि कब उन्हें मौका मिले और वे सांत्वना के दो बोल लिखकर अपना कद ऊंचा दिखाएं।

अब विनेश फोगाट किस तरह की वापसी



करेंगी, इस बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, क्योंकि इन पंक्तियों के लिखने तक खबर थी कि अपना वजन कम करने के लिए विनेश ने रात भर साइकिलिंग की, वेट लिफ्टिंग की लेकिन वजन फिर भी कम नहीं हुआ। उसके बाद वो निराश होती गईं और अंत में बेहोश हो गईं। उन्हें ओलंपिक विलेज के ही पॉलिक्लीनिक में इलाज के लिए ले जाया गया है। अब सवाल यह है कि क्या वजन कम करने का सारा दबाव विनेश फोगाट अकेले झेल रही थीं। उन्हें इस हद तक व्यायाम क्यों करने दिया गया कि वे बेहोश ही हो जाएं। भारतीय ओलंपिक टीम का प्रबंधन, डॉक्टरों और आहार विशेषज्ञों की टीम क्या पेरिस घूमने गई है या उनकी कोई जवाबदेही मोदी सरकार ने सुनिश्चित की है।

एक गंभीर सवाल यह भी है कि विनेश फोगाट को देश के सियासी अखाड़े में पस्त नहीं किया जा सका, तो क्या इसका बदला ओलंपिक के अखाड़े में लिया गया है। बुधवार सुबह ही जब खबर आ गई थी कि विनेश फोगाट को अयोग्य ठहराया गया है तो सरकार ने फौरन कोई एक्शन क्यों नहीं लिया। प्रधानमंत्री का ट्वीट करना ही क्या पर्याप्त था, क्यों एक वैश्विक नेता की हैसियत से अपने देश की खिलाड़ी को इंसाफ दिलाने के लिए उन्होंने फौरन हस्तक्षेप नहीं किया। मान लिया कि खेल आयोजनों में राष्ट्राध्यक्षों की सीधी दखलंदाजी नहीं होती है, वहां के प्रोटोकॉल अलग होते हैं। लेकिन क्या फाइनल से पहले अयोग्य ठहराने वाले प्रकरण रोज होते हैं, जो सामान्य नियमों पर चला जाए। महाभारत में भी लिखा है कि असाधारण परिस्थितियों में आपद धर्म का निर्वाह करना पड़ता है। क्या यहां मोदी फिर से अपने धर्म के निर्वाह में नाकाम रहे।

खेल मंत्री मनसुख मंडाविया का संसद में दिया बयान भी बेहद लचर था, जिसमें यह कहीं नजर नहीं आया कि मोदी सरकार को विनेश फोगाट के साथ हुई नाइंसाफी पर कोई अफसोस हो। बल्कि मंत्रीजी यह भी बता गए कि सरकार ने विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक के लिए 70 लाख रूपयों की मदद की। 80 करोड़ लोगों को पांच किलो मुफ्त अनाज का ढोल जिस तरह मोदी सरकार पीटती है, वही रवैया आज विनेश फोगाट मामले में अपनाया गया। जबकि हकीकत यह है कि जिसे सरकार मदद का नाम दे रही है, वह उसकी जिम्मेदारी है और यह जिम्मेदारी सरकार जनता के दिए टैक्स के पैसे से ही पूरी करती है, अपनी जेब से नहीं।

विनेश फोगाट को इंसाफ दिलाने के नाम पर प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा से आग्रह किया है कि वे इस संबंध में कड़ा विरोध दर्ज कराएं। पी टी उषा अभी पेरिस में ही हैं, लेकिन भारतीय ओलंपिक दल किसी भी तरह की कोशिश करता नजर नहीं आया। याद रहे कि जब महिला पहलवानों ने जंतर मंतर पर धरना दिया था, तब पी टी उषा ने उनके रवैये का विरोध किया था। अब इस अभूतपूर्व संकट में पी टी उषा किस तरह विनेश फोगाट के साथ खड़ी होती हैं, यह देखना होगा। पेरिस ओलंपिक में नीता अंबानी की इंडिया हाउस में की जा रही मेजबानी की भी खूब खबरें आ रही हैं। नीता अंबानी आईओसी की सदस्य भी हैं, क्या उन्हें इस मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, अगर ऐसा नहीं कर सकतीं तो फिर विनेश फोगाट के साथ खड़े होने के लिए इस्तीफे की पेशकश ही कर दीजिए, तभी तो देशप्रेम और खेलप्रेम की मिसाल कायम होगी, वर्ना यहां भी व्यापार प्रथम ही नजर आ रहा है।

वैसे इस पूरे प्रकरण में साजिश की बू शुरू से आई, इस पर आप सांसद संजय सिंह और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने भी लिखा है कि हमें पूरी उम्मीद है कि भारतीय ओलंपिक संघ इस निर्णय को मजबूती से चैलेंज कर देश की बेटी को न्याय दिलाएगा। किसान नेता राकेश टिकैत ने एक गंभीर बात कही है कि यह एक बेहद दुखद खबर है कि देश की बेटी को कोई अखाड़े में नहीं हरा पाया लेकिन साजिश के अखाड़े में हरा दिया गया है। देश का एक मैडल आज राजनीति का शिकार हो गया। यह देश इस दिन को कभी नहीं भूल सकता।

सवाल यह है कि ओलंपिक को अगर साजिश का अखाड़ा बनाया गया है तो इसके पीछे किन लोगों का हाथ है।

# 'विश्व आदिवासी दिवस' : संरक्षित जंगलों में असुरक्षित आदिवासी

– राजकुमार सिन्हा

**स्वतंत्र** भारत में भी 'आरक्षित क्षेत्र' घोषित करने के लिए नियमों और प्रक्रियाओं की पूरी तरह से अनदेखी की गई। 'आरक्षित वन' घोषित करने हेतु 'भारतीय वन अधिनियम-1927' की धारा-4 से 20 तक की लम्बी प्रक्रियाओं से गुजरना होता है। सरकार अधिनियम के तहत एक प्रारम्भिक अधिसूचना जारी करती है कि अमुक भूमि को आरक्षित वन के रूप में घोषित किया जाना है और वन बंदोबस्त अधिकारी स्थानीय समुदाय के सभी अधिकारों को स्वीकार या अस्वीकार कर उनका निपटान करता है।

भारत में आदिवासियों/मूलनिवासियों का जंगलों से रिश्ता सहअस्तित्व के सिद्धांत पर आधारित है। ऐतिहासिक दृष्टि से वन एवं वनक्षेत्र आदिवासी जनजातियों का पारंपरिक निवास हुआ करता था, परन्तु जैव-विविधता एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए 'आरक्षित क्षेत्र' की परिकल्पना के साथ उन्हें पारंपरिक निवास स्थल से हटाने का काम वर्षों से चल रहा है। सन् 1865 के 'भारतीय वन अधिनियम' के माध्यम से लाई गई औपनिवेशिक वन-नीति के कारण, वनक्षेत्र का बडा हिस्सा सरकार के आधीन आ गया, जिसके चलते लाखों वन-निवासियों के पारंपरिक दावे अवैध हो गए।

स्वतंत्र भारत में भी 'आरक्षित क्षेत्र' घोषित करने के लिए नियमों और प्रक्रियाओं की पूरी तरह से अनदेखी की गई। 'आरक्षित वन' घोषित करने हेतु 'भारतीय वन अधिनियम-1927' की धारा-4 से 20 तक की लम्बी प्रक्रियाओं से गुजरना होता है। सरकार अधिनियम के तहत एक प्रारम्भिक अधिसूचना जारी करती है कि अमुक भूमि को आरक्षित वन के रूप में घोषित किया जाना है और वन बंदोबस्त अधिकारी स्थानीय समुदाय के सभी अधिकारों को स्वीकार या अस्वीकार कर उनका निपटान करता है।

गांव के जंगल को 'भारतीय वन अधिनियम-1927' की धारा- 28 के तहत ग्रामवन कहा जाता है। जब सरकार किसी 'आरक्षित वन' या किसी अन्य भूमि को ग्राम समुदाय के उपयोग के लिए आबंटित करती है तो उस भूमि को ग्रामवन भूमि के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जाता है। ग्रामवन यानि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण समाज को विधिवत हस्तांतरित किया गया वन। कुछ मामलों में ग्रामवन और वनग्राम शब्द का परस्पर उपयोग किया जाता है, जबकि अधिनियम के तहत ग्रामवन एक कानूनी श्रेणी है, वनग्राम केवल एक प्रशासनिक श्रेणी है।

वर्ष 2002 में 'वन एवं पर्यावरण मंत्रालय' ने उच्चतम न्यायालय द्वारा 'गोदा बरमन विरुद्ध



भारत सरकार' के प्रकरण में 1996 में दिये गये फैसले की गलत व्याख्या की थी कि समयबद्ध तरीके से 'आरक्षित क्षेत्र' के वनों से अतिक्रमणकारियों को बाहर निकाला जाए, जबकि उच्चतम न्यायालय ने अतिक्रमणकारियों को बाहर निकालने का आदेश नहीं दिया था। 'वन एवं पर्यावरण मंत्रालय' लगभग 1.5 लाख हेक्टेयर वनभूमि से वन-निवासियों को बाहर करने की बात स्वीकार करता है। 2002 - 2006 से अब तक लगभग तीन लाख आदिवासी परिवारों को जंगल से निकालकर नये 'आरक्षित क्षेत्रों' का गठन किया जा चुका है। केवल मध्यप्रदेश में ही अब तक 125 गांवों को जलाकर राख कर दिया गया है।

पहले यह समझा जाता था कि वन संरक्षण के लिए वन-निवासियों को वन से बाहर करना आवश्यक है। पहली बार 'वनाधिकार कानून' में पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने के तरीके में बदलाव लाया गया। इस कानून की प्रस्तावना में स्पष्ट है कि वन-निवासी समुदाय न केवल वन-पारिस्थितिकी का हिस्सा हैं, बल्कि वनों के संरक्षण के लिए अनिवार्य हैं। 'वनाधिकार कानून' की स्पष्ट मान्यता है कि जनजातीय समुदाय की खाद्य-सुरक्षा और आजीविका सुनिश्चित की जाए। कानून में आगे स्वीकार किया गया है कि पहले सरकार के विकास कार्यों के कारण जनजातीय लोगों एवं वन-निवासियों को अपनी पैतृक भूमि से जबरन विस्थापित होना पड़ा था। जनजातियों एवं वन-निवासियों के पट्टे तथा पहुंच के अधिकारों से जुड़ी असुरक्षा को ठीक करने की आवश्यकता है।

'वन्यजीव संरक्षण अधिनियम- 1972' की धारा-36(क) के तहत राज्य सरकार स्थानीय समुदाय से चर्चा के बाद 'अभयारण्य' व 'राष्ट्रीय उद्यान' के नजदीकी क्षेत्रों को 'संरक्षित' या 'आरक्षित' घोषित कर सकती है। 'वनाधिकार कानून' की धारा-2(घ) में कहा गया है कि 'वनभूमि' से किसी वनक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली किसी भी प्रकार की भूमि अभिप्रेत है और उसके अन्तर्गत 'अवगीर्कृत वन,' 'असीमांकित वन' या 'समझे गए वन,' 'संरक्षित वन,' 'आरक्षित वन,' 'अभयारण्य' और 'राष्ट्रीय उद्यान' भी आते हैं।

अर्थात इन सभी तरह के जंगलों में वन-निवासियों की पारंपरिक अधिकारों तक पहुंच सुनिश्चित होनी चाहिए। कर्नाटक का 'बीआरटी हिल्स अभयारण्य' वन्यजीवों और मानवों के सहअस्तित्व का बढिया उदाहरण है। यहां तक कि सरकार ने भी यह माना है कि वन्यजीवों और मानवों का सहअस्तित्व संभव है।

सन् 2016 में पारित 'प्रतिपूरक वनरोपण निधि' (सीएएफ, कैम्पा) में उल्लेख है कि वन-निवासियों की भूमि पर वृक्षारोपण से पहले उनसे परामर्श किया जाना चाहिए, परन्तु वन-विभाग वनों के प्रबंधन के लिए सामुदायिक सहमति में विश्वास नहीं रखता और आदिवासियों की खेती की जमीनों पर वनीकरण अभियान चलाता है। ये वो जमीनें हैं जहां का 'अधिकार पत्र' या तो वन निवासियों को दे दिया गया है या उसके संबंध में अंतिम निर्णय का इंतजार है। जहां भी 'कैम्पा' निधियों के वितरण में वृद्धि हुई है, वहां वन-निवासियों और वन-विभाग या सरकार के बीच परस्पर विरोधी दावों के मामले काफी अधिक हैं। 'पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय' की 'ई-ग्रीनवाच' बेवसाइट के अनुसार 10 राज्यों के 2479 क्षेत्रों में वृक्षारोपण का विश्लेषण करने से पता चलता है कि 70 प्रतिशत से अधिक वृक्षारोपण गैर-वनभूमि की बजाय वनभूमि पर किया गया है।

तीव्र गति से बढ़ रही कथित विकास परियोजनाओं से होने वाले विस्थापन का समाधान निकालने के लिए अब तक कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया है। तेजी से बढ़ते विस्थापन की सबसे अधिक मार देश के आदिवासी समुदाय पर पड़ रही है। सन् 2016 में 'जनजातीय मामलों के मंत्रालय' द्वारा जारी वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार 1950 से 1990 के बीच देश में 87 लाख आदिवासी विस्थापित हुए थे जो कुल विस्थापितों का 40 प्रतिशत है।

'वनाधिकार कानून, 2006' की धारा-5 कहती है कि 'किसी वन-अधिकार धारक, उन क्षेत्रों में जहां इस अधिनियम के अधीन किन्हीं वन अधिकारों के धारक हैं, ग्रामसभा और ग्राम स्तर की संस्थाएं निम्न लिखित के लिए सक्षम हैं' - (क) वन्यजीव, वन और जैव-विविधता का संरक्षण करना, (ख) यह सुनिश्चित करना कि लगा हुआ जलागम क्षेत्र, जलस्त्रोत और अन्य संवदेनशील क्षेत्र पर्याप्त रूप से संरक्षित हैं, (ग) यह सुनिश्चित करना कि वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य परम्परागत वन-निवासियों का निवास किसी प्रकार के विनाशकारी व्यवहारों से संरक्षित है जो उनकी सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को प्रभावित करती हैं, (घ) यह सुनिश्चित करना कि सामुदायिक वन संसाधनों तक पहुंच को विनियमित करने और ऐसे किसी क्रियाकलाप को रोकने के लिए जो वन्यजीव, वन और जैव-विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, ग्रामसभा में लिए गए विनिश्चयों का पालन किया जाता है।

संविधान के अनुच्छेद 244 की व्यवस्था के मुताबिक 'पांचवीं अनुसूची' के प्रावधानों (धारा-2) में अनुसूचित क्षेत्रों में राज्यों की कार्यपालन शक्ति को शिथिल किया गया है। अनुसूचित क्षेत्रों की प्रशासनिक व्यवस्था में राज्यपाल को सर्वोच्च शक्ति एवं अधिकार दिया गया है। पांचवीं अनुसूची की धारा 5(1) राज्यपाल को विधायिका की शक्ति प्रदान करती है और यह शक्ति संविधान के किसी भी प्रावधानों से मुक्त है। आदिवासियों से किसी प्रकार के जमीन हस्तांतरण का नियंत्रण राज्यपाल के आधीन आता है। इतने सारे संवैधानिक और कानूनी प्रावधानों के होते हुए भी अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन-निवासियों का जीवन असुरक्षित है तो कानून का राज कहां है?

(लेखक 'बरगी बांध विस्थापित संघ' के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता हैं।)

# गोल्ड डोरे सोने और चांदी का एक अर्ध-शुद्ध मिश्र धातु

– नन्तू बनर्जी

**गोल्ड** डोरे सोने और चांदी का एक अर्ध-शुद्ध मिश्र धातु है जिसे आमतौर पर खदान में बनाया जाता है और फिर आगे शुद्धिकरण के लिए रिफाइनरी में ले जाया जाता है। आयात-आधारित गरीब भारत के लिए सोना इतना महत्वपूर्ण क्यों है, वैसे गरीब देश के लिए जो 100 अंकों के पैमाने पर 28.7 के स्कोर के साथ वैश्विक भूख सूचकांक 2023 में 125 देशों में से 111वें स्थान पर है!

सोने और गोल्ड डोरे पर भारतीय आयात शुल्क में अचानक और सबसे तेज कटौती काफी भ्रामक प्रतीत होती है, क्योंकि सोने पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क के बावजूद पिछले वित्तीय वर्ष में भारत का पीली धातु का आयात लगभग 30प्रतिशत बढ़कर 45.54अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। उसके पहले वाले वर्ष में सोने का आयात लगभग 37अरब डॉलर का था। इस वर्ष के बजट में सोने पर सीमा शुल्क में भारी कटौती करके इसे नौ प्रतिशत घटाकर केवल छह प्रतिशत कर दिया गया, जो अब जून 2013 के बाद सबसे कम है, जबकि गोल्ड डोरेपर सीमा शुल्क 14.35प्रतिशत से घटाकर 5.35प्रतिशत कर दिया गया है।

गोल्ड डोरे सोने और चांदी का एक अर्ध-शुद्ध मिश्र धातु है जिसे आमतौर पर खदान में बनाया जाता है और फिर आगे शुद्धिकरण के लिए रिफाइनरी में ले जाया जाता है। आयात-आधारित गरीब भारत के लिए सोना इतना महत्वपूर्ण क्यों है, वैसे गरीब देश के लिए जो 100 अंकों के पैमाने पर 28.7 के स्कोर के साथ वैश्विक भूख सूचकांक 2023 में 125 देशों में से 111वें स्थान पर है! दिसंबर 2023 तक भारत प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में दुनिया के लगभग 200 देशों में से 129 वें स्थान पर था, हालांकि देश का समग्र आर्थिक उत्पादन पर्याप्त है, और 2024 में यह दुनिया की जीडीपी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर है।

भारत में पेट्रोलियम के बाद सोना और गोल्ड डोरे आयात की दूसरी सबसे मूल्यवान वस्तु है। प्रभावी रूप से, भारत दुनिया के सोने के आयात में चीन और स्विट्जरलैंड के बाद तीसरे स्थान पर है। स्विट्जरलैंड ज्यादातर निर्यात के लिए सोना आयात करता है। स्विट्जरलैंड दुनिया का सबसे बड़ा सोने का निर्यातक है, जो दुनिया के सोने के निर्यात का 25प्रतिशत हिस्सा है, इसके बाद यूके, यूएस, यूएई और दक्षिण अफ्रीका का स्थान है। 2023-24 में भारत का कच्चे तेल का आयात बिल 132अरब डॉलर था, जबकि इसका सोने का आयात 45अरब डॉलर से अधिक था। देश का 86प्रतिशत आयात तेल पर निर्भर है। पिछले वित्त वर्ष में भारत का व्यापारिक व्यापार घाटा 240.17अरब डॉलर था।

चीन जितना चाहे उतना सोना आयात कर सकता है क्योंकि वह किसी भी देश की तुलना में दुनिया का सबसे बड़ा व्यापार अधिशेष रखता है। पिछले साल, चीन का व्यापारिक व्यापार अधिशेष लगभग 823.2अरब डॉलर था। सोने के आयात का चीन के विदेशी व्यापार और उसकी घरेलू मुद्रा युआन की स्थिरता पर बहुत कम प्रभाव पड़ता है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा सोना उत्पादक भी है। पिछले जुलाई तक, चीन ने 370मीट्रिक टन सोने का उत्पादन किया, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने 310 मीट्रिक टन और रूस ने 310मीट्रिक टन उत्पादित किया।

2023 में भारत ने केवल 780 किलोग्राम सोने का उत्पादन किया। भारत की आर्थिक वृद्धि में सोने की बहुत कम भूमिका है। हांगकांग सहित पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना दुनिया का सबसे बड़ा सोना आयातक है। स्टैटिस्टा के अनुसार, 2023 में चीन की प्रति व्यक्ति जीडीपी लगभग 12,514 डॉलर थी। विश्व बैंक ने 2023 में चीन की प्रति व्यक्ति जीडीपी12,174 डॉलर दर्ज की है, जो दुनिया के औसत का 96प्रतिशत है। ट्रेडिंग इकानॉमिक्स के अनुसार, 2023 में भारत का प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2,239.25 डॉलर था, जो दुनिया के औसत का 18प्रतिशत है। यह भारत द्वारा दर्ज की गयी अब तक की सबसे अधिक प्रति व्यक्ति जीडीपी है।

यह कुछ हद तक हैरान करने वाला है कि इतनी बड़ी मात्रा में सोने का आयात भारत के लिए इतना महत्वपूर्ण क्यों है और किसके लाभ के लिए है। देश के अमीरों और उच्च मध्यम वर्ग के लाभ के लिए भारत में कम शुल्क वाले सोने के आयात के पक्ष में तर्क देने के लिए बहुत कम मान्य सामग्री है। वे मुद्रास्फीति, नकारात्मक व्यापार संतुलन और बढ़ती सरकारी उधारी के सामने घरेलू मुद्रा, रुपये के घटते मूल्य के सामने अपनी संपत्ति के मूल्य की आंशिक रूप से रक्षा करने के लिए लगातार सोना खरीदते हैं।

2023-24 की अंतिम तिमाही में भारत की कुल 136.6 टन सोने की मांग में आभूषणों का हिस्सा 95.5 टन था, जो पिछले वर्ष की तुलना में चार प्रतिशत की वृद्धि थी। मई 2024 में, शादी के आभूषणों का भारतीय आभूषण बाजार में 60 प्रतिशत हिस्सा था, जबकि दैनिक पहनने वाले आभूषणों का हिस्सा 30 प्रतिशत ही था। दिलचस्प बात यह है कि चालू वित्त वर्ष के राष्ट्रीय बजट में सस्ते सोने के आयात पर मुख्य ध्यान दिया गया था। ऐसा लगता है कि इससे स्थानीय सोने के व्यापारियों को सोने के आभूषण उपभोक्ताओं की तुलना में अधिक लाभ हुआ है, जिनके लिए बजट में आयात शुल्क में कमी का दावा किया गया था।

इतना ही नहीं, व्यापारियों ने इसका लाभ उपभोक्ताओं को नहीं दिया, बल्कि पिछले सप्ताह के मध्य में 22कैरट आभूषण ग्रेड सोने की कीमत 800 रुपये की तेज उछाल के साथ 64,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। 24 कैरेट सोने की कीमत 870 रुपये बढ़कर 69,820 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी।

व्यापारियों ने भू-राजनीतिक तनाव के कारण सोने की कीमतों में उछाल का बचाव किया, मानो वे तनाव थे ही नहीं या तीन सप्ताह से भी कम समय पहले भारत सरकार के वार्षिक बजट तैयारी सत्र के दौरान कमजोर रहे।

इस व्यापार को ज्यादातर मुंबई और अहमदाबाद स्थित गुजराती व्यापारियों द्वारा नियंत्रित किया जाता है। ठीक दो साल पहले, प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्टेक) में स्थित देश का पहला अंतरराष्ट्रीय बुलियन एक्सचेंज (आईआईबीएक्स) लॉन्च किया था।

## कार्यवाही को पीडित ने दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बहिलपुरवा थानाध्यक्ष को दी तहरीर में ऐंचवारा गांव के कमलेश पाल पुत्र स्व भोला ने कहा कि उसकी भूमि पर जबरियां गांव के कुछ लोगों ने जोत लिया है। पीडित ने कानूनी कार्यवाही की मांग की है। शनिवार को ऐंचवारा गांव के कमलेश पाल ने थाना बहिलपुरवा में दी तहरीर में कहा कि गांव की चकबन्दी चल रही है। उसकी भूमि पर गांव के गोपाल पुत्र देवीदयाल, दुल्लोर पुत्र देवीदयाल, ललित पुत्र महेश व पवन पुत्र महेश ने जबरन भूमि को जोत लिया है। वह घर पर नहीं था। उसकी पत्नी के विरोध पर भूमि जोतने वालों ने गंदी-गंदी गालियां दी हैं। पीडित ने कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## जमीनी विवाद के मामले मौके पर निपटायेंः डीएम

### महिलाओं की समस्या तत्काल निपटायेंः एसपी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने थाना राजापुर में जनता की समस्यायें सुनी। थाना समाधान दिवस में आये जमीनी विवादों को राजस्व/पुलिस टीम मौके पर जाकर निपटाये। शनिवार को प्रदेश सरकार की मंशानुसार थाना समाधान दिवस में आये फरियादियों की डीएम-एसपी ने समस्यायें सुनी। समय सीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिये, ताकि फरियादियों को समस्याओं को लेकर भटकना न पडे। शिकायतों के



समस्या सुनते डीएम-एसपी।

निस्तारण की जांच फरियादियों के फोन पर बातकर की जायेगी। निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिलने पर निस्तारित करने वाले अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही होगी। थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि जमीनी विवादों को सूचीबद्ध कर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर भेजकर बिना पक्षपात के समय से निस्तारित करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिला बाबत शिकायतों को मौके पर प्राथमिकता से निपटायें। समाधान दिवस में एसडीमए प्रमोद कुमार झा, तहसीलदार रामसुधार समेत कानूनगो, लेखपाल मौजूद रहे। इसी क्रम में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने थाना मऊ व थाना रैपुरा में फरियादियों की शिकायतों को सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। भूमि विवाद बाबत मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारित करने के निर्देश दिये। इस मौके पर थाना मऊ प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय, रैपुरा के प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल आदि मौजूद रहे।

## बच्चों के विवाद में चाचा की फायरिंग से तीन घायल

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर थाने के गिदुरहा गांव में बच्चों के विवाद को लेकर पारिवारिक विवाद में गोली चल गई। घटना में तीन लोग घायल हो गये। घटना बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। एक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया।

ये घटना शुक्रवार को अपरान्ह साढे तीन बजे हुई। बताया गया कि शोभा लाल (37) पुत्र छोटेलाल, विनोद (28) व कपिल (22) पुत्र रामसुमेर घर के बाहर बैठे थे। पारिवारिक चाचा लालमन, जो पूर्व में दस्यु ददुआ गैंग का सदस्य रहा है। शराब के नशे में छत में चढ़कर गाली-गलौज करने लगा। विरोध पर लालमन ने भरतल बंदूक से गोली चला दी। गोली शोभालाल की गर्दन को चीरती हुई निकल गई। विनोद के सिर में गोली लगी। कपिल की उंगली भी गोलीबारी से घायल हो गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रिपोर्ट दर्ज कर लालमन की तलाश शुरू कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी को प्रयास जारी हैं।

## न्यायालय सुरक्षा को सीओ सिटी ने किया प्रशिक्षित

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर नोडल अधिकारी/एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में सहायक नोडल अधिकारी/सीओ सिटी राजकमल ने न्यायालय सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों के न्यायालय सुरक्षा प्रभारी राकेश कुमार सिंह को प्रशिक्षित किया।

शनिवार को सीओ सिटी ने पुलिस कार्मियों को बताया कि न्यायालय परिसर की भौगोलिक जानकारी, वर्तमान परिप्रेक्ष्य में न्यायालय परिसर पर संभावित खतरे अपराध, प्रदर्शन, तोड़फोड़, हिंसा, राजनैतिक, प्रतिद्वंदिता, सशस्त्र


पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित करते सीओ सिटी।

आक्रमण, आतंकवादी/नक्शल ग्रुप से हमला आदि बाबत जानकारी देकर न्यायालय सुरक्षा व सतर्कता को प्रशिक्षित किया।

## धूमधाम से मनाया नाग पंचमी

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ क्षेत्र में नाग पंचमी को गुड़िया पीटने की धूम रही। लोग सुबह से त्यौहार मनाने को उत्साहित रहे। घरों पर बाजार से जलेबी-मिठाई लाकर त्यौहार मनाने की परंपरा निभायी। क्षेत्र के कई जगहों पर तालाब किनारे व चैराहों पर गुड़िया पीटने की रस्म निभाई।

शुक्रवार को श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को नाग पंचमी पर्व मनाया जाता है। पुराने समय से ही नागों की पूजा होती रही है। नाग पंचमी के दिन नागों की पूजा का विधान है। नाग पंचमी को वासुकी नाग, तक्षक नाग, शेषनाग आदि की पूजा की जाती है। लोग घरों के द्वार पर नागों की आकृति बनाते हैं। मान्यता है कि नाग देवता की


गुडिया पीटने की रस्म निभाते बालक।

कृपा बनी रहती है। नाग देवता घर की सुरक्षा करते हैं। मान्यताओं अनुसार भविष्य पुराण में कथा है कि जब सागर मंथन हुआ था, तब नागों ने माता की आज्ञा नहीं मानी थी। नागों को श्राप मिला था कि वे राजा जनमेजय के यज्ञ में जलकर भस्म हो जायेंगे। नाग बहुत घबरा गए थे। श्राप से बचने को सभी नाग ब्राह्माजी की शरण में पहुंचे। ब्रह्माजी से सारी बात कही, मदद मांगी। नागवंश में महात्मा जरत्कारू के पुत्र आस्तिक होंगे, तब वह नागों की रक्षा करेंगे। ये उपाय ब्रह्माजी ने पंचमी को बताया था। महात्मा जरत्कारू के पुत्र आस्तिक मुनि ने नागों को यज्ञ में जलने से बचाया था, तब सावन की पंचमी थी। आस्तिक मुनि ने नागों पर दूध डालकर बचाया था। आस्तिक मुनि ने कहा था कि जो कोई पंचमी पर नागों की पूजा करेगा, उसे नागदंश का भय नहीं रहेगा। तब से सावन की पंचमी पर नाग पंचमी मनाई जाती है। सांस्कृतिक विरासत के पर्याय पर्व को मऊ कस्बे में शुक्रवार को हर्षोल्लास से मनाया। लोग घर से निकलकर परम्परानुसार प्रसिद्ध चैरा वाले हनुमानजी मन्दिर परिसर में गुड़िया पीटने की परंपरा निभाई। खेत से कजली बोने को मिट्टी लाये।

## 14 को कामदगिरि पीठम में होगी कविताओं की बारिश

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** श्रावण झूला महोत्सव, तुलसी जयंती समारोह व स्वतंत्रता दिवस महापर्व पर पावन तीर्थ में झमाझम कविताओं की बारिश होगी।

शनिवार को श्री कामदगिरि पीठम के अर्चन ने बताया कि श्री कामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वार में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 14 अगस्त को होगा। कवि सम्मेलन में उप्र, मप्र, महाराष्ट्र के चर्चित कवि शामिल होंगे। कार्यक्रम अपरान्ह तीन बजे से शाम साढे छह बजे तक होगा। संयोजक अर्चन ने बताया कि श्री कामदगिरि पीठम के संत डा मदनगोपाल दास महाराज की प्रेरणा से लखनऊ से वीर रस के कवि कमल आग्नेय, रीवा के गीतकार डा रामसरोज द्विवेदी शांतिदूत मुंबई के गीतकार दुर्गेश दुबे, मैहर से बघेली कवि हेमराज हंस, बांदा से युवा कवित्री रीना सिंह रश्मि, उप्र के सीतापुर जिले के हास्य कवि व भजन गायक शेखर त्रिपाठी समेत चित्रकूट के गीतकार श्रीनारायण तिवारी, अर्चन व पं दिनेश दीक्षित रचना पाठ करेंगे।

## परसौंजा में स्कूली रास्तों को डीएम ने तत्काल कराया ठीक

### स्कूली रास्तों के प्रति खासे गम्भीर हैं डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पहाडी ब्लाक के परसौंजा गांव में स्कूले एप्रोच रोड में कीचड़ युक्त रास्ते से छात्रों के गिरने की खबर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मामले का संज्ञान लेते हुए सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर के साथ गांव पहुंचे।

शनिवार को डीएम के भ्रमण दौरान खण्ड विकास अधिकारी धर्मजीत सिंह ने बताया कि ये सम्पर्क मार्ग जिला पंचायत ने बनाया है। गांव में बारिश से सड़क में कुछ स्थानों पर गड्ढे हो गये हैं। निरीक्षण दौरान खण्ड विकास


स्कूली रास्ता ठीक करने के निर्देश देते डीएम।

अधिकारी कर्वी ने बताया कि स्कूल एप्रोच सम्पर्क मार्ग के गड्ढे को गिट्टी डालकर ठीक कराया है। गांव में दो मुख्य सड़क लोनिवि व दूसरी जिला पंचायत ने बनायी है। दोनों सड़कों का जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान देखा कि दोनों सड़कें बारिश से कीचड युक्त हो गई हैं। कुछ स्थानों पर पानी भरा हुआ था। आवागमन में असुविधा हो रही थी। उन्होंने बीडीओ कर्वी को निर्देश दिये कि ट्रैक्टर करहा से आज ही गांव की सड़कों की साफ-सफाई करायें। गांव में जहां-जहां सडकों में गड्ढे हो गये हैं, वहां गिट्टी डलवाकर बराबर करायें। निरीक्षण दौरान बीएसए बीके शर्मा को निर्देश दिये कि जिन स्कूलों तक एप्रोच मार्ग ठीक नहीं है, उन स्कूलों की सूची दें, ताकि विद्यालय तक सम्पर्क मार्ग बराबर कराया जा सके। उपायुक्त श्रम रोजगार व जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि प्रधानों से ऐसी सड़कों की सूची लें, ताकि कीचड़ युक्त सड़कों को तत्काल बराबर कराया जाये। बच्चों को स्कूल पहुंचने में दिक्कत न हो। डीएम ने ये भी कहा कि जो सडक पर गोबर की खाद एकत्र किये हैं, संबंधित मालिक को कहें कि उठायें अन्यथा प्रधान से उठवा ली जायेगी। इस मौके पर बीडीओ धर्मजीत सिंह, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

## ऑटो की बैट्री समेत चोर गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों में अंकुश लगाने को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में चैकी सीतापुर पुलिस टीम ने ऑटो की बैट्री चोरी का खुलासा कर चोर को बैट्री समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि नौ अगस्त को सीतापुर के राकेश पुत्र जुवान ने कोतवाली कर्वी में सूचना दी कि ऑटो का ताला तोड़कर बैट्री चोरी हो गई है। पुलिस ने मामला दर्जकर दरोगा मेवालाल मौर्य को घटना के खुलासे के निर्देश दिये। दरोगा ने बुद्धविलास वर्मा पुत्र भोला सैमरी थाना तिंदवारी बांदा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की ऑटो की बैट्री बरामद की। बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा मेवालाल मौर्य, सिपाही अतुल परिहार व रविन्द्र शामिल रहे।

## अन्तर्राज्यीय तस्कर को गांजा समेत दबोचा

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह की अगुवाई में पुलिस ने अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर को पांच किलो 364 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया।ज्ञात है कि नौ अगस्त को मानिकपुर थाने के दरोगा राजोल नागर को पता चला कि अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गांजा लेकर ट्रेन से उतरा है। दरोगा की टीम ने बुद्धविलास पुत्र लुसुरुवा सिकरीसानी थाना पहाड़ी को पांच किलो 364


पुलिस गिरफ्त में गांजा तस्कर।

ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। पूंछतांछ में बताया कि वह ये गांजा रायपुर छत्तीसगढ़ से लेकर आया है। चित्रकूट, कौशाम्बी, फतेहपुर व बांदा में सप्लाई करता है। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत एक लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी का आपराधिक इतिहास है। टीम में दरोगा राजोल नागर, दरोगा मुकेश सिंह परिहार, सिपाही जलील अहमद, भास्कर शुक्ला व अमित द्विवेदी शामिल रहे।

## करंट की चपेट में आये युवक की मौत

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाने के पुरवा के पिंटू सिंह (26) उस समय करंट की चपेट में आ गया, जब करंट से चिपकी बकरी को छुड़ा रहा था। इससे पिन्टू की मौत हो गई। ये हादसा शनिवार को हुआ। बताया गया कि पिंटू मऊ से गांव जा रहा था। रास्ते में खेत में खींची तार में बकरी फंसी देखी तो बकरी को छुडाने लगा। उसे नहीं पता था कि बकरी करंट की चपेट में है। उसके साथ अध्यापक उदयभान थे। पिंटू को जब करंट की चपेट में चिपका देखा तो हाथ में लिये कुकर से छुड़ाने का प्रयास किया। उसके न छूटने से मौत हो गई। मृतक के एक पुत्र है।

## डीआईओएस ने की वरिष्ठ सहायक से हाथापाई

### लिपिक प्रदीप पाण्डेय पर लगाये आरोप

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक व वरिष्ठ सहायक का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में जिला विद्यालय निरीक्षक वरिष्ठ सहायक का फोन खींचते नजर आ रहे हैं। ये पूरा मामला जिला मुख्यालय के जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय का है।

शुक्रवार को पंडित पुरुषोत्तम द्विवेदी इंटर कॉलेज मऊ में वरिष्ठ सहायक पद पर तैनात नंदकिशोर


आरोप लगाते नंदकिशोर मिश्रा।

मिश्रा जीपीएफ खाते में जमा धनराशि के भुगतान को पत्र नौ को डीएम को दिया था। वह इस मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा से भेंट की। जिला विद्यालय निरीक्षक व नंदकिशोर मिश्रा में हाथापाई शुरू हो गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

उच्च माध्यमिक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अवधेश मिश्रा ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक की मारपीट व अभद्र भाषा में बात करने का ऑडियो-वीडियो संघ के पास है, ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नंदकिशोर मिश्रा ने जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार पर आरोप लगाया कि मोबाइल छीनने के बाद मारपीट की गई। उनसे अभद्र भाषा में बात की गई। पूरे मामले को लेकर डीएम को पत्र दिया है। शासन के दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए कई सालों से कार्यालय में जमा सहायक पटल लिपिक प्रदीप पांडे के इशारों पर सभी कर्मचारी नाचते हैं। बिना प्रदीप पांडे के कोई भी अधिकारी/कर्मचारी हस्ताक्षर नहीं कर सकता। प्रदीप पांडे ऑफिस से हटाये नहीं गये तो ऐसे मामले आते रहेंगे। आरोप लगाया कि प्रदीप पांडेय ने कहा है कि जब तक सुविधा शुल्क नहीं दोगे, तब तक काम नहीं होगा। कार्यालय के बर्ताव से रिटायर्ड कर्मचारी नंद किशोर मिश्रा खासे परेशान हैं।

## चोरी की बाइक समेत चोर गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाने को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में पुलिस ने मोटरबाइक चोरी का खुलासा कर चोर के कब्जे से चोरी की मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया।


पुलिस गिरफ्त में बाइक चोर।

ज्ञात है कि आठ अगस्त को छीबों गांव के अब्दुल रहीम पुत्र अब्दुल रहमान ने थाने में मोटरबाइक चोरी होने की सूचना दी थी। पुलिस ने मामला दर्जकर दरोगा सिद्धनाथ राय को घटना के खुलासे के निर्देश दिये। दरोगा ने गौरीशंकर मिश्रा पुत्र स्व शेषनारायण मिश्रा हन्ना बिनैका को चोरी की मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया। बरामदगी पर धारायें बढायी। टीम में दरोगा सिद्धनाथ राय, दरोगा सुरेन्द्र कुमार, सिपाही प्रकाश मिश्रा व साकिर अली शामिल रहे।

## 20 लीटर महुआ शराब समेत एक गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में चैकी प्रभारी सीतापुर अनिल कुमार गुप्ता की टीम ने देवकुमार पुत्र जगमोहन चकला गुरुबाबा को 20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उस पर थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में चैकी प्रभारी सीतापुर अनिल कुमार गुप्ता, सिपाही अतुल परिहार व रविन्द्र शामिल रहे।

## युवती को नौकरी दिलाने-दुष्कर्म आरोपी को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों में अंकुश लगाने को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह ने 24 घंटे के अन्दर युवती को नौकरी दिलाने के नाम पर पैसा लेने व दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। ज्ञात है कि नौ अगस्त को सतना मप्र की तहसील वीरसिंहपुर के एक गांव की युवती ने मानिकपुर


पुलिस गिरफ्त में दुष्कर्म आरोपी।

थाने में सूचना दी कि 27 जून 2024 व पूर्व में दो बार थाना मानिकपुर के गुरौला का मुकेश कुमार पुत्र रामदीन वर्मा उसे नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये लिये हैं। उसके साथ दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामला दर्जकर मुकेश कुमार पुत्र रामदीन वर्मा गुरौला को 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह, सिपाही भास्कर शुक्ला व अमित द्विवेदी शामिल रहे।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं की हत्या के विरोध में काठमांडू में प्रदर्शन




**काठमांडू।** बांग्लादेश में हाल ही में हुए तख्तापलट के बाद अल्पसंख्यक हिंदू और बौद्ध समुदायों पर बढ़े हमलों के खिलाफ काठमांडू में प्रदर्शन किया गया। शनिवार को काठमांडू के माइतीघर मंडला में स्थानीय छात्रों एवं युवाओं ने विरोध प्रदर्शन किया है।
प्रदर्शनकारी छात्रों और युवाओं ने शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ने का विरोध करते हुए उनकी सुरक्षा की मांग की है।प्रदर्शनकारियों ने "हिन्दुओं पर दमन बन्द करो, हिन्दुओं की सुरक्षा की गारंटी करो" जैसे नारे लगाए।
काठमांडू में आज शाम को बांग्लादेश की हिंसक घटनाओं में मारे गए हिन्दुओं के प्रति सम्मान दशार्ने के लिए श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया गया है। हिन्दू राष्ट्र स्वाभिमान जागरण अभियान की तरफ से नेपाल के कई शहरों में इस तरह का आयोजन किया गया है।

## ब्राजील में 62 लोगों को लेकर जा रहा विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त, वीडियो वायरल



**साओ पाओलो।** ब्राजील के साओ पाओलो में एक यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जानकारी के मुताबिक इस विमान में 62 लोग सवार थे। इस हादसे में कितने लोगों की मौत हुई और कितने लोगों को बचाया गया है इस बारे में अंतिम जानकारी उपलब्ध नहीं मिल सकी है। यह विमान 14 साल पुराना विमान था। यह विमान एक आवासीय इलाके में क्रैश हुआ है। घटना से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।
एयरलाइन वोएपास ने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि की है। विमान में 58 यात्री और 4 चालक दल के सदस्य सवार थे। यह विमान साओ पाउलो के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की ओर जा रहा था।
एयरलाइन ने एक बयान में पुष्टि की कि साओ पाउलो के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ग्वारुलहोस के लिए जा रहा एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें 58 यात्री और 4 चालक दल के सदस्य सवार थे। बयान में यह नहीं बताया गया कि दुर्घटना किस कारण से हुई।
साओ पाउलो के राज्य अग्निशमन विभाग ने सोशल मीडिया पर पुष्टि की कि विन्हेडो में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसने दुर्घटना वाले क्षेत्र में सात दल भेजे हैं। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में दिखाया गया है कि विमान पेड़ों के समूह में गिर रहा है और उसके बाद काले धुएं का बड़ा गुबार उठता दिख रहा है। घटना ब्राजील के साओ पाउलो राज्य की है।

## मालदीव के रक्षा मंत्री से मिले विदेश मंत्री जयशंकर, सुरक्षा सहयोग पर हुई चर्चा



**माले।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसमें दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।
यह चर्चा समुद्री सुरक्षा के लिए संयुक्त पहल, क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बनाए रखने के साझा लक्ष्य पर केंद्रित थी।
बैठक के बाद विदेश मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून के साथ एक बहुत अच्छी बैठक हुई। भारतीय-मालदीव रक्षा, सुरक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा के लिए संयुक्त पहल और क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के हमारे साझा हितों पर चर्चा हुई है।"
इससे पहले उन्होंने माले के लोनुजियाराय पार्क में एक प्रतीकात्मक वृक्षारोपण समारोह में भाग लिया, जहां उन्होंने मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर और जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण एवं ऊर्जा मंत्री थोरिक इब्राहिम के साथ, कैरॉम्बोला (स्टार फ्रूट) पौधा लगाया। यह आयोजन भारत और मालदीव के बीच स्थायी संबंधों के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है।
विदेश मंत्री जयशंकर ने शुक्रवार को मीडिया को संबोधित करते हुए अपनी यात्रा के महत्व पर प्रकाश डाला था। उन्होंने कहा था, "यह यात्रा इस बात का जायजा लेने का अवसर है कि हमारे देशों ने एक साथ क्या हासिल किया है?

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# भारत के सहयोग से नेपाल में तीन प्रमुख पेट्रोलियम परियोजनाओं का होगा निर्माण

**काठमांडू।** भारत के आर्थिक अनुदान से नेपाल में तीन प्रमुख पेट्रोलियम परियोजनाओं का निर्माण किया जाएगा। नेपाल के उद्योग, वाणिज्य एवं आपूर्ति मंत्री दामोदर भंडारी ने पिछले दिनों नई दिल्ली में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बैठक कर इन परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस बैठक में भारतीय सहयोग से अमलेखगंज-चितवन, सिलीगुड़ी-झापा पाइपलाइन और झापा में भंडारण टैंक बनाने का फैसला किया गया। नई दिल्ली में 6-8 अगस्त तक आयोजित बिम्सटेक व्यापार शिखर सम्मेलन के बाद काठमांडू लौटे मंत्री भंडारी के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल वाणिज्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव बाबूराम




अधिकारी ने शनिवार को पत्रकारों को यह जानकारी दी। बाबूराम ने बताया कि भारतीय अनुदान से पेट्रोलियम परियोजना के निर्माण को अंतिम रूप दे दिया गया है। दोनों देशों के मंत्री स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि भारत सब्सिडी के साथ परियोजना का निर्माण करने पर सहमत हो गया है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों की संयुक्त सचिव स्तर की बैठक में भारतीय सब्सिडी से परियोजना को लेकर औपचारिक सिफारिश की जाएगी और सरकार की मंजूरी के बाद निर्माण शुरू हो जाएगा। जल्द ही दोनों देशों के संयुक्त सचिवों की अगुवाई में बैठक होगी।
तत्कालीन प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' के पिछले साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ नई दिल्ली में हुई बैठक में इसको लेकर समझौता हुआ था। समझौते में यह शर्त थी कि दोनों देशों की तेल कंपनियां 6 महीने के भीतर निर्माण पूरा करेंगी लेकिन इस मुद्दे पर भ्रम था कि भारत 'ऋण या अनुदान' कैसे निवेश करेगा। मंत्री भंडारी ने अपने हालिया भारत दौरे में इस बात को लेकर विस्तृत बातचीत कर समझौते को अंतिम रूप दिया। इस बैठक में यह तय किया गया कि भारत सब्सिडी के साथ परियोजना का निर्माण करेगा।

# राष्ट्रपति मुर्मू तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में तिमोर-लेस्ते पहुंचीं





**डिली (तिमोर-लेस्ते)।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन देशों की राजकीय यात्रा के अंतिम चरण में आज तिमोर-लेस्ते पहुंचीं। तिमोर-लेस्ते की राजधानी डिली में उनका जोरदार स्वागत किया गया। भारत के किसी भी राष्ट्राध्यक्ष की तिमोर-लेस्ते की यह पहली यात्रा है। डिली पहुंचने के फोटो राष्ट्रपति मुर्मू के एक्स हैंडल पर साझा किए गए हैं। तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस होर्ता के अलावा स्थानीय बच्चों ने भारतीय तिरंगा हवा में लहराते हुए हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। द्रौपदी मुर्मू डिली राष्ट्रपति जोस रामोस होर्ता के निमंत्रण पर पहुंचीं हैं। राष्ट्रपति मुर्मू डिली में अपने समकक्ष के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी। उनकी तिमोर-लेस्ते के प्रधानमंत्री के राला जानाना गुस्मो मुलाकात होनी है। इसके अलावा राष्ट्रपति मुर्मू भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ भी बातचीत करेंगी।

# संयुक्त राष्ट्र में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले की निंदा, 50 से अधिक जिलों में हिंदुओं को बनाया गया निशाना

**ढाका।** बांग्लादेश में ढाका समेत पूरे देश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के विरोध में ढाका में हजारों लोगों ने प्रदर्शन किया। इन हमलों में एक शिक्षक सहित दो लोगों की मौत हो चुकी है और 45 लोग घायल हुए हैं। इसके अतिरिक्त दसियों करोड़ की संपत्ति को नष्ट किया गया है और मंदिरों पर हमले हुए हैं। यह सब शेख हसीना के प्रधानमंत्री से इस्तीफे की मांग को लेकर छेड़े गए आंदोलन के दौरान रविवार और सोमवार को हुआ।
हसीना के इस्तीफे के बाद मंगलवार को भी ये हमले जारी रहे। प्रदर्शन में शामिल लोग अपनी सुरक्षा के लिए गुहार लगा रहे थे और खुद के बंगाली होने के पोस्टर हाथ में लिए हुए थे। उन्होंने शांति की मांग को लेकर सड़क के एक हिस्से पर जाम भी लगाया। मुस्लिम बहुल बांग्लादेश की मुस्लिम बहुल 17 करोड़ की आबादी में हिंदू करीब आठ प्रतिशत (1.35 करोड़) हैं। देश की बहुसंख्य हिंदू आबादी परंपरागत रूप से शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग की समर्थक रही है और हिंसा में अवामी लीग के समर्थक व कार्यालय हिंसक आंदोलनकारियों के निशाने पर रहे हैं। बांग्लादेश हिंदू, बौद्ध, ईसाई एकता परिषद के अनुसार, देश के 64 जिलों में से 52 में हिंदुओं और उनकी संपत्तियों को निशाना बनाया



गया। परिषद ने कहा है कि देश में रहने वाले अल्पसंख्यकों की आबादी इस स्थिति से बुरी तरह से आशंकित, बेचैन और भविष्य की अनिश्चितता को लेकर डरी हुई है। परिषद ने सरकार प्रमुख मुहम्मद यूनुस से सुरक्षा और संरक्षण की मांग की है।
संयुक्त राष्ट्र महासचिव के कार्यालय ने कहा है कि बांग्लादेश में हिंसा को रोका जाए। बयान में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र हर तरह की नस्लभेदी हिंसा के खिलाफ है, उसकी रोकथाम के तत्काल उपाय किए जाएं। हिंसा के शिकार और भयभीत हजारों बांग्लादेशी हिंदू पड़ोसी देश भारत में प्रवेश के लिए सीमा पर पहुंचे हुए हैं। उन्हें समझा-बुझाकर वापस किया जा रहा है।
भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक की सुरक्षा की अपील की है। शपथ लेने के बाद बांग्लादेश सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने देश में लोकतंत्र, न्याय, मानवाधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कायम करने का वादा किया है। बांग्लादेश में अराजकता के बीच अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले को लेकर संयुक्त राष्ट्र ने चिंता जताई है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस के प्रवक्ता ने कहा कि हम निश्चित रूप से नस्लीय आधारित हमले या इसके आधार पर हिंसा उकसाने के विरुद्ध खड़े हैं।
यूएन महासचिव के उप प्रवक्ता फरहान हक ने गुरुवार को कहा कि हमने जो स्पष्ट किया वह यह है कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हाल के हफ्तों में बांग्लादेश में होने वाली हिंसा को कम किया जाए। वह बांग्लादेश में हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यकों पर हमले को लेकर यूएन महासचिव की प्रतिक्रिया पूछे जाने पर जवाब दे रहे थे।
बांग्लादेश में भयानक अराजकता के बीच शेख हसीना के पीएम पद से इस्तीफा देने और भारत पहुंचने के बाद से अब तक कई हिंदू मंदिरों और उनके घरों और दुकानों में तोड़फोड़ की गई। इस दौरान शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग से जुड़े कम से कम दो हिंदू नेताओं की हत्या कर दी गई।
यूएन के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी नई अंतरिम सरकार से संयुक्त राष्ट्र को उम्मीदें हैं। निश्चित रूप से जनता के बीच हिंसा में कमी का कोई भी संकेत एक अच्छी बात है।
जब उनसे पूछा गया कि क्या महासचिव गुटेरस ने यूनुस को बधाई दी या उनसे फोन पर बात की। इसके जवाब में फरहान ने कहा कि गुटेरस ने बात नहीं की लेकिन यूएन के रेजिडेंट क्वार्डिनेटर ग्वीन लेविस ने शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया था।

## पाकिस्तान में बारिश और बाढ़ से अब तक 154 लोगों की मौत

पाकिस्तान । पाकिस्तान में हाल ही में हुई भारी बारिश और उसके बाद आई बाढ़ के कारण पिछले छह हफ्तों में कुल 154 लोग मारे गए हैं, जबकि देश के अधिकांश हिस्सों में बारिश अभी भी जारी है.
दक्षिण एशियाई देश पाकिस्तान में प्राकृतिक आपदाओं और उनके प्रभावों से निपटने वाली राष्ट्रीय संस्था, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अधिकारियों ने गुरुवार, 8 अगस्त को समाचार एजेंसी एपी को बताया कि 1 जुलाई से कई इलाकों में भारी बारिश जारी है.
अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान में लगभग छह सप्ताह से जारी मॉनसूनी बारिश और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 154 हो गई है. देश के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश जारी है, जिससे कुछ गांव पूरी तरह डूब गए हैं. अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल दक्षिणी सिंध प्रांत के बाढ़ प्रभावित इलाकों में 2,000 से अधिक लोग राहत शिविरों में हैं.


**शहर और गांव डूबे**

इन चरम मौसम की स्थिति के कारण बलूचिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत के दूरदराज के इलाकों में बागान भी गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि पंजाब प्रांत की राजधानी और देश के दूसरे सबसे बड़े शहर लाहौर में भी कई सड़कों पर बारिश का पानी भर गया.
वहीं पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर क्षेत्र में भी भारी बारिश के कारण भूस्खलन की कई घटनाएं हुईं हैं. आपदा एजेंसी और प्रांतीय अधिकारियों के मुताबिक 154 मौतों में से अधिकतर मौतें पूर्वी पंजाब और उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में हुईं.
पाकिस्तान इस समय वार्षिक मॉनसून सीजन के मध्य से गुजर रहा है, जो आमतौर पर जुलाई में शुरू होता है और सितंबर तक रहता है. पर्यावरण वैज्ञानिकों और मौसम विज्ञानियों के मुताबिक हाल के वर्षों में पाकिस्तान में भारी बारिश वैश्विक जलवायु परिवर्तन का हिस्सा है.

## बांग्लादेश के हिन्दुओं ने कहा- हम यहीं पैदा हुए , यहीं मरेंगे

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद हिन्दुओं पर हो रहे हमलों के विरोध में आवाज उठने लगी है। अल्पसंख्यक समुदाय के लोग एकजुटता दिखाते हुए सड़क पर उतरने लगे हैं। शनिवार भी देश में कई जगह छिटफुट प्रदर्शन हुए हैं। बांग्लादेश में रह रहे हिन्दुओं का कहना है कि हम यहीं पैदा हुए हैं, यही मरेंगे। हम अपना देश छोड़कर नहीं जाएंगे और अपने पर हो रहे जुल्मों का प्रतिकार करेंगे।
बांग्लादेश हिन्दू जागरण मंच के नेतृत्व में शुक्रवार सायंकाल भी हिन्दुओं व अन्य अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे हमलों, आगजनी और लूटपाट के विरोध में राजधानी ढाका के शाहबाग में प्रदर्शन किया गाय। शुक्रवार को हुए इस प्रदर्शन में हजारों हिन्दुओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान देश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के खिलाफ आवाज उठाई गई। समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून के अनुसार इस वजह से शाम चार बजे से शाम साढ़े सात बजे तक शाहबाग चौराहा बंद रहा। प्रदर्शनकारियों ने हाल ही में हुए हिंदुओं पर हमलों की खिलाफत की।
इस प्रदर्शन के दौरान दिनाजपुर में चार हिंदू गांवों को जलाने की कड़ी आलोचना की गई। प्रदर्शनकारी दोपहर लगभग तीन बजे नेशनल प्रेस क्लब के सामने जमा हुए और मार्च करते हुए शाहबाग चौराहे पर पहुंचे। इन लोगों ने नई अंतरिम सरकार के सामने चार मांगें रखीं -अल्पसंख्यक मंत्रालय की स्थापना, अल्पसंख्यक संरक्षण आयोग का गठन, अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमलों को रोकने के लिए सख्त कानून और अल्पसंख्यकों के लिए 10 प्रतिशत संसदीय सीटों का आवंटन।
द डेली स्टार अखबार के अनुसार, नौ अगस्त को ठाकुरगांव में हिन्दुओं ने रैली निकालकर जुल्म का विरोध किया। इस रैली में चार हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। इसके बाद ठाकुरगांव सदर उपजिला के निबार्ही अधिकारी बेलायत हुसैन, सेना के अधिकारियों के साथ पहुंचे। उन्होंने हिन्दुओं की सुरक्षा का वादा किया।
उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एक्य परिषद ने शुक्रवार को कहा था कि शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद बांग्लादेश के 64 जिलों में से 52 जिलों में अल्पसंख्यकों के साथ अत्याचार हुए हैं। अल्पसंख्यकों के साथ ज्यादती की 205 घटनाएं हुई हैं। संगठन ने अंतरिम सरकार के नेता मोहम्मद यूनुस को खुला पत्र लिखा। इसमें कहा गया कि अल्पसंख्यकों में गहरी चिंता और अनिश्चितता है। सरकार को तत्काल इसका संज्ञान लेना चाहिए।

## बांग्लादेश के प्रधान न्यायाधीश ओबैदुल हसन आज देंगे इस्तीफा, शाम को मिलेंगे राष्ट्रपति से



**ढाका।** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के गठन के बाद सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ओबैदुल हसन ने सैद्धांतिक रूप से अपने पद से हटने का फैसला किया है। उनका निर्णय आज छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बाद आया। छात्र नेताओं ने उन्हें और अपीलीय प्रभाग के न्यायाधीशों को दोपहर 1:00 बजे तक इस्तीफा देने का अल्टीमेटम जारी किया था। यह जानकारी बांग्लादेश के समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून और द डेली स्टार ने अपनी रिपोर्ट में दी।
इन अखबारों के अनुसार आरक्षण भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के समन्वयक हसनत अब्दुल्ला ने सुप्रीम कोर्ट परिसर से कहा कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो न्यायाधीशों के आवासों को घेरा जाएगा। चीफ जस्टिस हसन ने सुप्रीम कोर्ट परिसर में पत्रकारों से कहा कि उन्होंने उभरती स्थिति के बीच देशभर के न्यायाधीशों की सुरक्षा को देखते हुए इस्तीफा देने का फैसला किया है। वह आज शाम राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन से सलाह के बाद अपना इस्तीफा देंगे।

## सुंदर पिचाई ने पूर्व यूट्यूब सीईओ सुसान वोज्स्की के निधन पर जताया दुख



**नई दिल्ली।** यूट्यूब की पूर्व सीईओ सुसान वोज्स्की का निधन हो गया है। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।
सुंदर पिचाई ने एक्स पर पूर्व यूट्यूब सीईओ सुसान वोज्स्की के निधन की दी जानकारी
सुंदर पिचाई ने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया, "सुसान वोज्स्की, जो कभी गूगल के इतिहास की एक प्रमुख हस्ती थीं, कैंसर से दो साल की लड़ाई के बाद उनका निधन हो गया। वोज्स्की ने यूट्यूब के विकास में अहम भूमिका निभाई।

**दो साल से कैंसर से पीड़ित थी सुसान वोज्स्की**

दो साल तक कैंसर से पीड़ित रहने के बाद, मेरी प्रिय मित्र सुसान वोज्स्की हमें छोड़ कर चली गई। मैं काफी दुखी हूं। वह ऋङ्ङ्ली के इतिहास में किसी अन्य व्यक्ति की तरह ही महत्वपूर्ण हैं, और उनके बिना दुनिया की कल्पना करना कठिन है। वह एक अविश्वसनीय व्यक्ति, लीडर और मित्र थीं, जिनका दुनिया पर जबरदस्त प्रभाव था और मैं अनगिनत गूगलर्स में से एक हूं, जो कह सकते हैं कि वे सुसान को जानते थे।
हम उन्हें बहुत याद करेंगे। उनके परिवार के प्रति हमारी संवेदनाएं। रेस्ट इन पीस सुसान।
उन्होंने आगे लिखा "वो गूगल के शुरूआती कर्मचारियों में से एक थीं और उन्हें एडसेंस बनाने के लिए 'गूगल फाउंडर्स अवार्ड' मिला था।
यूट्यूब के सीईओ के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान यह प्लेटफॉर्म एक वैश्विक पावरहाउस के रूप में विकसित हुआ, जिससे लाखों कंटेट क्रिएटर्स और अरबों दर्शकों पर असर पड़ा।
2014 से 2023 तक अल्फाबेट की सहायक कंपनी यूट्यूब का नेतृत्व किया था
बता दें कि सुसान वोज्स्की ने 2014 से 2023 की शुरूआत तक अल्फाबेट की सहायक कंपनी यूट्यूब का नेतृत्व किया। फरवरी 2023 में सुसान वोज्स्की के गूगल के स्वामित्व वाली कंपनी छोड़ने के बाद भारतीय-अमेरिकी नील मोहन को यूट्यूब का नया सीईओ नियुक्त किया गया था।